

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 266 | ग्वालियर, शनिवार, 20 नवम्बर, 2021 | ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


# पीएम मोदी का बड़ा ऐलान केंद्र सरकार ने वापस लिए तीनों कृषि कानून

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की। उन्होंने इस मुद्दे पर आंदोलन कर रहे किसानों को घर वापस लौटने की भी अपील की। आपको बता दें कि इन तीनों कानूनों को वापस लेने के लिए लंबे समय से कुछ किसान संगठन विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कानून वापस लेने की घोषणा करते हुए कहा कि हम किसानों के हित में यह तीनों कानून लेकर आए थे। पीएम ने कहा कि शायद हम कुछ किसानों को इसके बारे में समझाने में असफल रहे। प्रधानमंभी नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस महीने के अंत से शुरू होने वाले संसद सत्र के दौरान तीनों कानूनों को सदन के जरिए वापस ले लिया जाएगा। आज ही सरकार ने कृषि क्षेत्र से जुड़ा एक और अहम फैसला लिया है। जीरो बजट खेती यानि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए, देश की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर क्रॉप पैटर्न को वैज्ञानिक तरीके से बदलने के लिए । एमएसपी को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए, ऐसे सभी विषयों पर, भविष्य को ध्यान में रखते हुए, निर्णय लेने के लिए, एक कमेटी का गठन किया जाएगा। इस कमेटी में केंद्र सरकार, राज्य सरकारों के प्रतिनिधि होंगे, किसान होंगे, कृषि वैज्ञानिक होंगे, कृषि अर्थशास्त्री होंगे। इस महीने के अंत में शुरू हो रहे संसद सत्र के दौरान इसे संसद के जरिए वापस ले लिया जाएगा। गुरुनानक देव जी का पवित्र प्रकाश पर्व है। आज मैं आपकों यह बताने आया हूं हमने तीन कृषि कानूनों को वापस लेने का निर्णय लिया है। मैं आंदोलन कर रहे किसानों से घर वापस लौटने की अपील करता हूं।सरकार, किसानों के कल्याण के लिए, खासकर छोटे किसानों के कल्याण के लिए, देश के कृषि जगत के हित में, देश के हित में, गांव गरीब के उज्जवल भविष्य के लिए, पूरी सत्य निष्ठा से, किसानों के प्रति समर्पण भाव से, नेक नीयत से ये कानून लेकर आई थी। हमारी सरकार, किसानों के कल्याण के लिए, खासकर छोटे किसानों के कल्याण के लिए, देश के कृषि जगत के हित में, देश के हित में, गांव गरीब के उज्जवल भविष्य के लिए, पूरी सत्य निष्ठा से, किसानों के प्रति समर्पण भाव से, नेक नीयत से ये कानून लेकर आई थी। किसानों की स्थिति को सुधारने के इसी महाअभियान में देश में तीन कृषि कानून लाए गए थे। मकसद ये था कि देश के किसानों को, खासकर छोटे किसानों को, और ताकत मिले, उन्हें अपनी उपज की सही कीमत और उपज



बेचने के लिए ज्यादा से ज्यादा विकल्प मिले। बरसों से ये मांग देश के किसान, देश के कृषि विशेषज्ञ, देश के किसान संगठन लगातार कर रहे थे। पहले भी कई सरकारों ने इस पर मंथन किया था। इस बार भी संसद में चर्चा हुई, मंथन हुआ और ये कानून लाए गए। देश के कोने-कोने में कोटि-कोटि किसानों ने, अनेक किसान संगठनों ने, इसका स्वागत किया, समर्थन किया। मैं आज उन सभी का बहुत आभारी हूं। हमारी सरकार किसानों के हित में लगातार एक के बाद एक कदम उठाती जा रही है। किसानों के लिए पूरी ईमानदारी से काम कर रही है।

## तीनों कृषि कानूनों की वापसी से भड़कीं कंगना रनौत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करने का ऐलान कर दिया। मोदी सरकार के इस फैसले से अभिनेत्री कंगना रनौत नाखुश नजर आईं। कृषि कानूनों की वापसी को दुखत और शर्मनाक बताते हुए कंगना रनौत ने कहा कि मोदी सरकार का यह फैसला पूरी तरह से अनुचित है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले करीब एक वर्ष से अधिक समय से विवादों में घिरे तीन कृषि कानूनों को वापस लिए जाने की घोषणा की और इसके लिए संसद के आगामी सत्र में विधेयक लाया जाएगा। कंगना रनौत ने कहा कि अगर संसद में चुनी हुई सरकार के बदले सड़कों पर लोगों ने कानून बनाना शुरू कर दिया तो यह एक जिहादी राष्ट्र है। उन सभी को बधाई जो ऐसा चाहते थे। बता दें कि आज देश के नाम संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि हम किसानों को समझाने में कामयाब नहीं हुए, हमारी तपस्या में ही कमी रही, जिसकी वजह से हमें यह कानून वापस लेना पड़ रहा है।

## तत्काल खत्म नहीं होगा किसान आंदोलन एमएसपी व अन्य मुद्दों पर भी होनी है बात : टिकैत



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं देने के बाद विवादित तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का फैसला किया और किसानों से आंदोलन खत्म करने की अपील की है। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रवक्ता राकेश टिकैत अब भी आंदोलन खत्म करने के मूड में नहीं दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा किसान आंदोलन तत्काल खत्म नहीं होगा। राकेश टिकैत ने कहा कि हम उस दिन का इंतजार करेंगे, जब कृषि कानूनों को संसद में रद्द किया जाएगा। राकेश टिकैत ने कहा कि केंद्र सरकार को एमएसपी के साथ-साथ किसानों के दूसरे मुद्दों पर भी बातचीत करनी चाहिए। राकेश टिकैत ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने अभी तो संकेत ही दिया है। फैसला तो तब होगा, जब संसद से इसे वापस किया जाएगा। इसके अलावा एमएसपी और बिजली कानून के मुद्दों पर भी सरकार को बात करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात पर विश्वास नहीं होने के सवाल पर राकेश टिकैत ने कहा कि मुझे अब भी यकीन नहीं है। 29 तारीख को संसद में कानून वापसी का प्रस्ताव रखे जाने तक हम कहीं वापस जाने वाले नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी की इस घोषणा के बाद भारतीय किसान यूनियन उगराहां धड़े के नेता जोगिंदर सिंह उगराहां ने कहा गुरुपरब पर कृषि कानून निरस्त करने का निर्णय प्रधानमंत्री का अच्छा कदम है। उन्होंने कहा सभी किसान संघ एकसाथ बैठेंगे और आगे की रणनीति तय करेंगे।

## कृषि कानूनों के वापस लेने के सरकार के निर्णय का स्वागत : नड्डा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कृषि कानूनों के वापस लेने के सरकार के निर्णय का स्वागत कर कहा है, गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के खास दिन हुए फैसले से पूरे देश में भाईचारे का माहौल बनेगा। नड्डा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा का भाजपा तहे दिल से स्वागत करती है। उन्होंने कहा, सरकार ने सुशासन के लिए असंख्य उपाय किए है। आइए हम एक साथ काम करते रहें, और अपनी सामूहिक भावना से भारत को आने वाले समय में और भी नई ऊंचाइयों पर ले जाएं।%% उल्लेखनीय है कि करीब एक वर्ष से किसान आंदोलन की वजह बने तीनों नए कृषि कानून सरकार ने वापस ले लिए हैं।

## पीएम मोदी ने यह कदम उठाकर कुशल राजनीतिज्ञ होने का परिचय दिया : शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तीन नए कृषि कानूनों को वापस लेने के सरकार के निर्णय का स्वागत कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कदम उठाकर कुशल राजनीतिज्ञ होने का परिचय दिया है। पीएम मोदी ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और संसद सत्र शुरू होने से पहले राष्ट्र के नाम संबोधन में इन कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की। शाह ने घोषणा के बाद ट्वीट कर कहा, कृषि कानूनों के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा स्वागत योग्य और कुशल राजनीतिक कदम है।जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की सेवा करती रहेगी और हमेशा उनके प्रयासों का समर्थन करेगी। एक अन्य ट्वीट में शाह ने कहा कि मोदी जी की घोषणा में यह अद्भुत बात है कि उन्होंने घोषणा के लिए गुरु पर्व के विशेष दिन को चुना है। इससे पता चलता है कि उनके मन में प्रत्येक भारतीय के कल्याण के अलावा कोई अन्य विचार नहीं है।

## कृषि कानूनों की वापसी के ऐलान पर किसानों का जश्न



**नई दिल्ली।** गुरु परब पर तीन नए विवादित कृषि कानूनों को रद्द किए जाने के ऐलान से किसानों में भारी खुशी और जश्न का माहौल है। बीते एक साल से दिल्ली के बॉर्डरों पर डटे किसान एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस कदम का स्वागत कर रहे हैं। इस दौरान सिंघु बॉर्डर पर सबद कीर्तन का भी आयोजन किया गया। हालांकि, अभी किसान आंदोलन स्थलों से लौटने को तैयार नहीं हैं। किसान एक साल से तीन कानूनों को वापस लेने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर एक नया कानून बनाने की मांग कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करने की घोषणा के बाद किसानों ने शुक्रवार को गाजीपुर सीमा पर %किसान एकता जिंदाबाद% के नारों के साथ जश्न मनाया। प्रधानमंत्री ने गुरु नानक जयंती के अवसर पर राष्ट्र के नाम संबोधन में तीन कृषि कानूनों को वापस लिए जाने की घोषणा की और कहा कि इसके लिए संसद के आगामी सत्र में विधेयक लाया जाएगा।

## खास खबर

### प्रियंका गांधी का पीएम पर निशाना, बोली- किसानों पर सरकार ने भाजी थी लाठियां और देशद्रोही कहा गया



**लखनऊ।** केंद्र सरकार के कृषि कानूनों की वापसी के ऐलान के बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर हैं। प्रियंका ने लखीमपुर खीरी की घटना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूरी तरह से हत्यारों का संरक्षण किया और आज भी मंच पर उनके साथ मंत्री खड़े हैं। वो आज माफी मांग रहे हैं। जब 600-700 किसान शहीद हो चुके हैं। वो क्यों माफी मांग रहे हैं? क्या देश यह नहीं समझ रहा है कि चुनाव नजदीक आ रहे हैं और उन्हें लगा होगा कि स्थिति ठीक नहीं है। वे सर्वेक्षणों में देख सकते हैं कि स्थिति ठीक नहीं है। इसलिए वे चुनाव से पहले माफी मांगने आए हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि सरकार के नेताओं ने किसानों को क्या नहीं कहा? आंदोलनजीवी, गुंडे, आतंकवादी, देशद्रोही यह सब किसने कहा? जब यह सब कहा जा रहा था तब प्रधानमंत्री चुप क्यों थे? उन्होंने खुद आंदोलनजीवी शब्द बोला। जब किसानों की हत्या हो रही थी, उन्हें मारा जा रहा था, उनपर लाठियां बरसाई जा रही थी, वह सब कौन कर रहा था। आपकी ही तो सरकार कर रही थी। आज आप आकर कह रहे हैं कि उन्हें रद्द करेंगे तब हम आपकी नीयत पर कैसे भरोसा करें। इसी बीच उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि सरकार भी यह समझ गई है कि किसान से बड़ा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि आंदोलन में जो किसान शहीद हुए हैं, मैं उनका दुख समझती हूं और हम सबको सबसे पहले उन्हें श्रद्धांजलि देना चाहिए। अगर सरकार सच में गंभीर है तो मंत्री को बर्खास्त करना चाहिए।

### किसान कानून रद्द होने पर बोले कमलनाथ किसानों के कड़े संघर्ष की जीत, अहंकारी और जिद्दी सरकार को झुका दिया


**भोपाल।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने किसान कानूनों को वापस लेने को किसानों के कड़े संघर्ष की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि यह लोगों की जीत है, जिसने एक अहंकारी और जिद्दी सरकार को झुका दिया। इससे पहले शुक्रवार को सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता के नाम संदेश जारी कर तीनों कानून रद्द करने की घोषणा की। इन किसान कानूनों को लेकर पंजाब, हरियाणा समेत कई राज्यों में किसान एक साल से अधिक समय से सड़कों पर थे। कमलनाथ ने कहा कि पिछले साल सितंबर में संसद ने तीन कृषि कानून पारित किए थे। इनके विरोध में एक साल से अधिक समय से देशभर के लाखों किसान सड़कों पर आंदोलन कर रहे थे। सरकार से इन कानूनों को वापस लेने की गुहार लगा रहे थे। बारिश, ठंड, गर्मी में भी किसान इन कानूनों के विरोध में सड़कों पर डटे रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस आंदोलन में 600 से अधिक किसानों की मौत हुई। किसानों को इस विरोध-प्रदर्शन के दौरान प्रताडऩा भी झेलनी पड़ी। कई-कई रातें सड़कों पर गुजारना पड़ी। उन्हें तरह-तरह के उलाहने भी सहने पड़े। कभी उन्हें आतंकवादी, कभी देशद्रोही, कभी दलाल, कभी अन्य नामों से संबोधित किया गया, लेकिन किसान टस से मस नहीं हुए।


### विले पार्ले में 4 मंजिला मॉल में लगी भीषण आग, बुझाने पहुंची 13 दमकलें

**मुंबई।** मुंबई के उपनगरीय इलाके विले पार्ले में एक मॉल में भीषण अग्निकांड से भारी नुकसान की आशंका है। जानकारी के अनुसार, यहां चार मंजिला एक मॉल में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। नगरपालिका के एक अधिकारी ने बताया कि अब तक इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि यह आग प्राइम मॉल में सुबह करीब 11 बजे लगी। अधिकारी ने बताया, दमकल की कम से कम 13 गाड़ियां, पानी के आठ टैंकर और अन्य दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया और आग बुझाने का अभियान जारी है। घटना के बारे में अन्य विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है। शहर में इस हफ्ते अब तक भीषण आग लगने की तीसरी घटना सामने आई है। बृहस्पतिवार को, पश्चिमी उपनगर के पवई में गाड़ियों के एक शोरूम का गैराज आग में जलकर खाक हो गया था जबकि 16 नवंबर को लगी एक आग में बहुराष्ट्रीय कंपनी के सर्विस सेंटर को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा था।







दोनों की टीमों के रांची पहुंचने पर खेल प्रेमियों ने ताली बजाकर किया स्वागत

# भारत-न्यूज़ीलैंड के बीच टी-20 मैच आज रांची के जेएससीए स्टेडियम में

**रांची ।** झारखंड की राजधानी रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में कल 19 नवंबर को भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 मैच खेला जाना हैं। दोनों की टीम आज रांची पहुंच गयी। रांची पहुंचने पर एयररपोर्ट पर पहुंचे खेल प्रेमियों ने दोनों की टीम का ताली बजाकर उत्साह के साथ स्वागत किया। रांची स्थित बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से दोनों टीमों के खिलाड़ियों को एसी बस से होटल रेडिसन ब्ल्यू के लिए रवाना किया गया। होटल से लेकर एयरपोर्ट तक की स?कों को सील कर रखा गया था। टीम के होटल पहुंचने तक आवाजाही में प्रतिबंध लगा दिया गया था। वहीं भारत-न्यूजीलैंड टी-20 मैच को लेकर होटल रेडिसन ब्लू के बाहर भारी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। कोविड 19 को लेकर खिलाड़ी बायोबबल में रहेंगे। इसके लिए होटल के आसपास बैरिकेडिंग की गई है। इधर,एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या मे पुलिस बल को तैनात किए गए थे। एयरपोर्ट से बस में बैठकर सभी खिलाड़ी सीधे होटल के लिए निकल गए. जिस बस से खिलाड़ियों को होटल ले जाया गया, उसकी डॉग स्कॉयड टीम ने विशेष चेकिंग की थी। एयरपोर्ट पर भी बायो बबल सिस्टम तैयार किया गया था। एयरपोर्ट कैंपस से खेल प्रेमियों को दूर रखा गया। सुबह से ही एयरपोर्ट पर क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ लगी हुई थी और लोग अपने पसंदीदा खिलाड़ी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। जैसे ही टीम के सदस्य एयरपोर्ट से बाहर निकले दर्शकों ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया। बीसीसीआई और रांची जिला प्रशासन की ओर से खिलाड़ियों के लिए बायो बबल की व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए थे। सोशल डिस्टेंसिंग को बनाए रखने के लिए एयरपोर्ट पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी बड़ी संख्या में महिला पुलिस के साथ जवानों की तैनाती की गई थी। भारत और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के सदस्य पदाधिकारी दो एसी बसों में बैठकर रांची स्थित फाइव स्टार होटल रेडिसन ब्लू के लिए रवाना हुए होटल में दोनों ही टीम के खिलाड़ियों के लिए फाइव स्टार सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जेएससीए के उपाध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने बताया कि कल होने वाले मैच में कोविड्ड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्टेडियम में पूर्ण क्षमता के अनुसार दर्शकों के बैठने की अनुमति सरकार की ओर से मिल गई है।



इंडिया-न्यूजीलैंड T-20 क्रिकेट मैच के दौरान शुक्रवार को रांची का मौसम शुष्क और मैच खेलने के अनुकूल रहेगा। इस दौरान आसमान में निचले स्तर पर बहुत हल्के दर्जे का बादल छाया रहेगा। इसके बावजूद आसमान साफ रहेगा। रात के तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। जिस वजह से शाम के बाद धुंध की स्थिति नहीं रहेगी और शीत भी कम गिरेगा।

## मैच और बंदी को देखते हुए झारखंड के सभी अंतरराज्यीय बॉर्डर सील

**रांची ।** नक्सली प्रशांत बोस और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी के विरोध में 20 नवंबर को भारत बंद का अह्वान किया गया है। नक्सलियों की बंदी को देखते हुए झारखंड पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। डीजीपी नीरज सिन्हा के आदेश के बाद झारखंड का सभी अंतरराज्यीय बॉर्डर को सील कर दिया गया है। बॉर्डर से जिला में प्रवेश करने वाले हर वाहन और व्यक्ति की जांच शुरू कर दी गई है। डीजीपी ने 20 को नक्सली बंदी और 19 को रांची में होने वाले किक्रेट मैच को देखते हुए सभी जिला के एसपी को आदेश दिया है। डीजीपी ने इस आदेश को सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बॉर्डर इलाके में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मी को छोड़ा नहीं जाएगा। किसी तरह की कोई गड़बड़ी पाने पर उनके खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज़ ट्रैक....

### विश्व एथलेटिक्स ने रूस पर लगाया प्रतिबंध बढ़ाया

**मोनाको ।** विश्व एथलेटिक्स ने रूस पर लगे प्रतिबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। रुस ने इस प्रतिबंध को सातवें साल के लिए भी बढ़ाया है। इससे अब रुसी खिलाड़ी ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा पेश नहीं कर पायेंगे। विश्व एथलेटिक्स की कांग्रेस में निलंबन को बरकरार किये जाने के पक्ष में मतदान किया गया है हालांकि यह प्रतिबंध पहली बार नवंबर 2015 में लगाया गया था। विश्व एथलेटिक्स ने हालांकि मतदान के परिणामों की जानकारी नहीं दी। रूस से जुड़े सुधारवादी कदमों के निरीक्षण के लिए बने विश्व एथलेटिक्स के कार्यबल के प्रमुख रुने एंडरसन के पेश किये गये एक प्रस्ताव के बाद यह मतदान हुआ। एंडरसन ने हालांकि माना है कि रूस के ट्रैक एवं फील्ड महासंघ (रसऐफ) ने कई अच्छे कदम उठाये हैं। इसके साथ ही कहा कि रसऐफ ने विश्व एथलेटिक्स की सदस्यता पुनः बहाल करने की दिशा में कई जरुरी कदम उठाये हैं।

### डर्बीशायर सीसीसी के क्रिकेट प्रमुख बनेंगे आर्थर

**कोलंबो ।** पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर मिकी आर्थर डर्बीशायर सीसीसी में क्रिकेट प्रमुख बनेंगे। अभी वह श्रीलंकाई टीम के कोच हैं पर उनका अनुबंध वेस्टइंडीज़ सीरीज़ के साथ ही समाप्त हो जाएगा। आर्थर ने बार-बार करार को बढ़ाने की तीव्र इच्छा व्यक्त की थी पर श्रीलंका क्रिकेट ने उन्हें कोई जवाब नहीं दिया इसके बाद उन्होंने काउंटी की ओर रुख किया। माना जा रहा है कि आर्थर श्रीलंकाई बोर्ड से मिलने वाले वेतन को लेकर भी संतुष्य नहीं है। अगर श्रीलंका क्रिकेट ने उन्हें पहले की तरह ही पैकेज की पेशकश की होती तो शायद वह बने रहते। आर्थर का जाना क्रिकेट श्रीलंका के लिए एक बड़े झटके की तरह होगा।

64वीं राष्ट्रीय 50 मीटर रायफल शूटिंग चैंपियनशिप का 25 नवंबर से

# निशानेबाजों ने शुरू की शूटिंग रेंज की डस्टिंग

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी की बिशनखेड़ी स्थित शूटिंग रेंज में 25 नवंबर से 64वीं राष्ट्रीय 50 मीटर रायफल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए गुरुवार से निशानेबाजों ने डस्टिंग (रेंज की टेस्टिंग) शुरू कर दी है। इस दौरान खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया और खेल विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। चैंपियनशिप का आयोजन खेल विभाग और नेशनल रायफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में देशभर के 4000 से अधिक खिलाड़ी और अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। चैंपियनशिप को देखते हुए बुधवार को खिलाड़ियों ने रेंज टेस्टिंग के तहत निशाने साधकर पूर्वाभ्यास भी किया।

खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया चैंपियनशिप की तैयारियों की लगातार समीक्षा कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि चैंपियनशिप को सफल बनाने के लिए कोई कसर बाकी नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं

यह शूटिंग अकादमी पूर्णतः वातानुकूलित है तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता को दृष्टिगत रखते हुए डोप टेस्ट रूम, मेडिकल रूम, प्लेयर्स लॉबी, कांफ्रेंस रूम, जिम हॉल व अत्याधुनिक डॉयनिंग हॉल व किचन का निर्माण किया गया है। नई बिल्डिंग पूर्णतः ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर बनाई गई है, जिसमें वाटर रिचार्ज, लेण्ड स्केपिंग व पौधरोपण पर्याप्त मात्रा में किये गए है।

### 37 एकड़ में फैली अकादमी

शूटिंग खेल को प्रोत्साहन देने हेतु वर्ष-2015 में शूटिंग रेंज के विस्तार का निर्णय लिया गया। मप्र राज्य शूटिंग अकादमी गोरा गांव भोपाल में 37.16 एकड़ भूमि पर स्थापित की गई है। इस अकादमी में 50 मीटर शूटिंग रेंज और ट्रैप एंड स्कीट की तीन रेंज निर्मित की गई है। 50 मीटर रेंज में 50 लेन बनाई गई है। यह विश्व स्तरीय शूटिंग रेंज है और इसे हाई परफार्मेंस सेंटर के रूप में विकसित किया गया है।

# अगले साल टी20 विश्व कप के बाद खेल को अलविदा कहेंगे वेड

**ब्रिसबेन ।** टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत दिलाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के बाद खेल को अलविदा कह सकते हैं। विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद भी वेड का नाम एशेज सीरीज के लिए शामिल नहीं है। वेड का कहना है कि उनका लक्ष्य अब अगले साल घरेलू मैदान में होने वाले टी20 विश्व कप में अपने टीम को खिताब बरकरार रखने में सहायता करना है। वेड ने कहा, उम्मीद करता हूं कि उस विश्व कप में खेलने का अवसर मिलेगा, खिताब का बचाव करेंगे और इसके बाद मैं संन्यास ले सकता हूं। निश्चित तौर पर उसके बाद मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलूंगा। अब यही मेरा लक्ष्य है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने यह भी कहा कि कि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में मांसपेशियों में खिंचाव के साथ भी खेले थे। उन्हें खिताबी मुकाबले से पहले अभ्यास के दौरान यह समस्या हुई थी। उन्होंने कहा कि मैच से पहले की रात मैं थोड़ा चिंतित था। अगर मैं सुबह उठता और बल्लेबाजी नहीं कर पाता तो मैं नहीं खेलता। मैं चिंतित था कि अगर हमें पहले बल्लेबाजी करनी पड़ी। मुझे आक्रामक होकर खेलना पड़ा और तब अगर चोट बढ़ गई तो मैं विकेटकीपिंग नहीं कर पाऊंगा और इससे टीम को काफी नुकसान होगा। कप्तान आरोन फिंच ने कहा कि थोड़ा डर था कि वेड फाइनल में नहीं खेल पाएगा।



*मैक्सिको में इस्टोनिया की एनेट कोंनटाविट डब्ल्यूटीए टेनिस मुकाबले में शॉट लगाती हुई।*

## सूर्यकुमार तीसरे और विराट चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करें : गंभीर

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा है कि भारतीय टीम के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान विराट कोहली को अब नंबर चार पर खेलना चाहिये। वहीं तीसरे नंबर पर युवा बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को उतारना चाहिये। गंभीर ने आगे कहा कि तीसरे नंबर पर उतरने के कारण सूर्यकुमार को आक्रामक बल्लेबाजी का अच्छा अवसर मिलेगा। इसका कारण है कि वह तेज गेंदबाजों के साथ ही स्पिन को भी अच्छे तरीके से खेलते हैं। उन्होंने कहा कि विराट दोबारा भारतीय टीम के साथ जुड़ें तो वह बल्लेबाजी क्रम में चौथे स्थान पर आयें। गंभीर ने साथ ही कहा कि विराट भारत के लिए वैसा ही रोल निभा सकते हैं जैसा स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलिया के लिए निभा रहे हैं।

## व्यापार न्यूज

### ओटीसी कारोबार का विस्तार करेगी पीरामल

**मुंबई ।** पीरामल एंटरप्राइजेज के ओवर द काउंटर (ओटीसी) स्वास्थ्य सेवा कारोबार का विस्तार करने पर ?विचार कर रही है। इसके साथ ही वह अपने ब्रांड की ओर ग्राहकों को आकर्षित करने पर कहीं अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है। पिछले महीने पीरामल ने कहा था कि वह अपने फार्मा और वित्तीय सेवा कारोबार को अलग करेगी। कारोबार को अलग करने की प्रक्रिया अगली तीन तिमाहियों में पूरी होने की उम्मीद है। करीब 5,776 करोड़ रुपए के कारोबार वाली कंपनी पीरामल फार्मा अपने भारतीय कारोबार से महज 15 फीसदी राजस्व अर्जित करती है जबकि उसका अधिकांश राजस्व उत्तरी अमेरिका से आता है। पीरामल के फार्मा कारोबार में अनुबंध आधारित विकास एवं विनिर्माण (सीडीएमओ) कारोबार जटिल अस्पताल जेनेरिक कारोबार, भारतीय उपभोक्ता स्वास्थ्य सेवा कारोबार और ऑप्थैल्मोलॉजी क्षेत्र में एलर्गन के साथ संयुक्त उद्यम शामिल हैं। इनमें से सीडीएमओ कारोबार कंपनी के कुल औषधि राजस्व में 62 फीसदी योगदान करता है जबकि अस्पताल जेनेरिक कारोबार का राजस्व में योगदान 29 फीसदी है। इसी प्रकार भारतीय स्वास्थ्य सेवा कारोबार से कंपनी करीब 9 फीसदी राजस्व अर्जित करती है।

### गुरुनानक जयंती पर शेयर बाजार बंद

**मुंबई ।** गुरुनानक पर 19 नवंबर को शेयर बाजार में कारोबार नहीं होगा। बीएसई और एनएसई बंद रहेंगे, जबकि फॉरेक्स मार्केट और कमोडिटी मार्केट में भी कोई कारोबार नहीं होगा। बीएसई और एनएसई दोनों में अब सोमवार 22 नवंबर को फिर से कारोबार शुरू होगा। घरेलू शेयर बाजार और फॉरेक्स मार्केट बंद रहेंगे, लेकिन मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज और नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज शाम पांच बजे तक ही बंद रहेंगे। इसके बाद शनिवार और रविवार के अवकाश के कारण बाजार में कारोबार नहीं होगा। बीते कारोबारी दिन गुरुवार को शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ था। घरेलू शेयर बाजार के साथ ही एशियाई बाजार में गिरावट देखी गई थी। इसका असर घरेलू बाजार पर पड़ा। गुरुवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 372.32 अंकों की फिसलकर 59,636.01 और निफ्टी 133.85 अंकों की गिरावट के साथ 17,764.80 पर बंद हुआ था।

### बीएसएनएल ने टीसीएस से कहा, उपकरण परीक्षण तय समय सीमा में पूरा करें

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने आईटी क्षेत्र की प्रमुख फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को उसके 4जी निविदा नियमों के अनुरूप 31 दिसंबर की विस्तारित समयसीमा के भीतर परीक्षण पूरा करने को कहा है। बीएसएनएल 4जी सेवाओं को 57,000 साइटों के लिए उपकरण खरीदने की निविदा जारी करेगी। निविदा के लिए बोली लगाने से पहले घरेलू वेंडरों को अवधारणा के प्रमाण का प्रदर्शन करना होगा। जहां विदेशी कंपनियों के पास पहले से 4जी नेटवर्क उपकरण है। भारत में पहली बार स्वदेशी रूप से विकसित 4जी प्रौद्योगिकी को लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। एसएनएल ने पांच घरेलू दूरसंचार उपकरण कंपनियों को आशय पत्र जारी किया था, लेकिन टीसीएस के गठजोड़, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलिमेटिक्स (सी-डॉट) और तेजस नेटवर्क्स को छोड़कर, टेक महिंद्रा और एचएफसीएल सहित अन्य सभी पात्र बोलीदाता परियोजना से पीछे हट गईं।

### हिंदुस्तान जिंक में अपनी हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

नई दिल्ली । वेदांता लिमिटेड ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने सरकार को हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में अपनी पूरी हिस्सेदारी मुक्त बाजार में बेचने के प्रस्ताव पर आगे बढ़ने की अनुमति दी है। हिंदुस्तान ?िंक दरअसल वेदांता लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है। वेदांता ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया ?कि हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि उच्चतम न्यायालय ने 2014 की रिट याचिका पर 18 नवंबर, 2021 फैसला सुनाया है। उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में सरकार को खुले बाजार में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचने के प्रस्ताव पर आगे बढ़ने की अनुमति दी है।

# गूगल प्ले स्टोर से हटाई स्मार्ट टीवी रीमोट और हेलोवीन कलरिंग एप्स

**नई दिल्ली ।** गूगल प्ले स्टोर ने अपने प्लेटफॉर्म से दो खतरनाक ऐप्स को हटाया है। इनमें से एक ऐप ऐसा है, जिसे अक्सर लोग प्ले स्टोर पर सर्च करते रहते हैं। दरअसल, कंपनी ने जिन दो ऐप्स को हटाया है, स्मार्ट टीवी रीमोट और हेलोवीन कलरिंग हैं। कासशिशकोवा ने ट्विटर के जरिए इन दोनों ऐप्स के नामों का खुलासा किया है। शिशकोवा का कहना है कि ये ऐप जोकर मालवेयर से ग्रसित हैं। जोकर मालवेयर एक खतरनाक और पॉपुलर मालवेयर है।

## ये खतरनाक ऐप है जोकर मालवेयर से ग्रसित

यह यूजर्स की जानकारी के बिना ही उन्हें प्रीमियम कंटेंट के लिए सब्सक्राइब कर देता है। रिपोर्ट के मुताबिक, पड़ताल करने पर पता लगा कि स्मार्ट टीवी रिमोट ऐप में रिसोर्सेस/असेटस/के यूपी 3एक्स4नोज फाइल और हैलोवीन कलरिंग ऐप में क्यू7वाय4परमुगी नाम की फाइल छिपी थी। गौर करने वाली बात है कि ऐप्स में छिपी खतरनाक फाइल्स इस तरह इन्क्रिप्टेड हैं कि किसी एंटीवायरस की पकड़ में नहीं आएंगी।यदि आपने स्मार्ट टीवी रीमोट और हेलोवीन कलरिंग में से किसी भी ऐप का डाउनलोड किया है या इस्तेमाल कर रहे हैं, तो उन्हें तुरंत अपने स्मार्टफोन से हटा दें।ये तीनों ऐप फोटो एडिटिंग से जुड़े हुए हैं और इनके नाम हैं मैजिक फोटो लेब , फोटो एडीटर, ब्लेंडर फोटो एडीटर-ईजी फोटो बैकग्राउंड एडीटर और पीक्स फोटो मोशन एडीट 2021। यदि इनमें से भी कोई ऐप आपके फोन में हैं तो तुरंत हटा दें। आपको यह भी चेक करना होगा कि इन ऐप्स ने आपनी परमिशन लिए बिना किसी प्रीमियम सर्विस के लिए साइन अप तो नहीं किया है। अभी कुछ दिन पहले ही गूगल ने प्ले स्टोर से तीन खतरनाक ऐप्स को हटाया था। ये ऐप्स यूजर्स की प्राइवेसी और उनकी सुरक्षा के लिए खतरा थीं।

## बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने दो लोगों पर शिकायत दर्ज की

**मुंबई ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शक्ति भोग फूड्स लिमिटेड से जुड़े 3,269.42 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग में सक्रिय संलिप्तता के लिए दो लोगों के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की है। आरोपी की पहचान अशोक कुमार गोयल और देवकी नंदन गर्ग के रूप में हुई है, दोनों एंट्री ऑपरेटर, शक्ति भोग फूड्स लिमिटेड और उसके निदेशकों को उनके निपटान के तहत शेल कंपनियों के माध्यम से अपने ऋणों के साइफन में सहायता करते हैं। ईडी ने आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक कदाचार के लिए मेसर्स शक्ति भोग फूड्स लिमिटेड और अन्य के खिलाफ सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग जांच शुरू की है। जांच एजेंसी ने कहा ?कि जांच से पता चला है कि केवल कृष्ण कुमार, सीएमडी, शक्ति भोग फूड्स लिमिटेड (एसबीएफएल), रमन भूरिया, सीए, देवकी नंदन गर्ग और अशोक कुमार गोयल ने भारतीय स्टेट बैंक के नेतृत्व वाले 10 बैंकों के संघ को धोखा देने की साजिश रची थी। ईडी के अनुसार दोनों वास्तविक व्यापारिक लेनदेन के बिना शक्ति भोग को नकली बिल उपलब्ध कराने में सक्रिय रूप से शामिल थे। एक अधिकारी ने कहा ?कि इन फर्जी बिलों ने एसबीएफएल के बढ़े हुए स्टॉक, टर्नओवर और खरीद, बिक्री की सुविधा प्रदान की, ताकि इस तरह से बढ़ी हुई वित्तीय रिपोर्टों के आधार पर कंसोर्टियम बैंकों से बढ़ी हुई क्रेडिट सुविधाओं को सुरक्षित किया जा सके।

## पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं

**मुंबई ।** सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने शुक्रवार को भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। सरकार ने दिवाली से एक दिन पहले केंद्र सरकार की तरफ से उत्पाद शुलक में कटौती के बाद कई राज्य पेट्रोल और डीजल लगने वाले वैट में कटौती करने लगे हैं। अब लम्बे इंतजार के बाद राजस्थान सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर वैट कम करने का फैसला किया है। राजस्थान में पेट्रोल 4 रुपए और डीजल 5 रुपए सस्ता हो गया है। वैट कम होने के बाद श्रीगंगानगर में पेट्रोल 112.11 रुपए प्रति लीटर और डीजल 95.26 रुपए प्रति लीटर बिका रहा है। दिल्ली में पेट्रोल 103.97 रुपए प्रति लीटर और डीजल 86.67 रुपए प्रति लीटर है। इसी तरह मुंबई में 109.98 रुपए प्रति लीटर और डीजल 94.14 रुपए प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 104.67 रुपए प्रति लीटर और डीजल 89.79 रुपए प्रति लीटर है। वहीं चेन्नई में पेट्रोल 101.40 रुपए प्रति लीटर और डीजल 91.43 रुपए प्रति लीटर हैं। पंजाब में पेट्रोल पर वैट 11.27 रुपए प्रति लीटर कम हुआ है। वहीं उत्तर प्रदेश में इसमें 6.96 रुपए प्रति लीटर की कटौती हुई है। गुजरात में पेट्रोल पर वैट 6.82 रुपए प्रति लीटर घटाया गया है।

## कई शानदार इलेक्ट्रिक कारें आ रही बाजार में

**नई दिल्ली ।** प्रदूषण का स्तर बढ़ने और पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ने की वजह से बीते दो साल में तो इलेक्ट्रिक सेगमेंट कारों की तरफ लोगों का काफी ध्यान गया है। भारत में फिलहाल टाटा नेक्सॉन ईवी टाटा टिगोर ईवी एमजी जेडएस ईवी जैसी कारों की बंपर बिक्री होती है। आप भी अगर इन दिनों इलेक्ट्रिक कार खरीदने का मन बना रहे हैं तो कुछ दिन रुक जाइए, क्योंकि आपके लिए महिंद्रा, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, ह्युंदै मोटर्स, मिनी कूपर एसई, निसान और रेनो के साथ ही टेस्ला जैसी कंपनी भी एक से बढ़कर एक शानदार कारें लॉन्च करने वाली हैं। ये सभी कारें 6 लाख रुपये से लेकर 2 करोड़ रुपये तक की होंगी। अगले महीने से लेकर अगले साल तक भारत में इलेक्ट्रिक कारों का काफिला आने वाला है, जिनमें सबसे ज्यादा चर्चा महिंद्रा की अपकमिंग महिंद्रा केयूवी100 इलेक्ट्रिक और महिंद्रा एक्सयूवी300 इलेक्ट्रिक जैसी कारों की है। इसके साथ ही भारत में जल्द ही टाटा मोटर्स भी अपनी हैचबैक सेगमेंट की पॉपुलर कारों का इलेक्ट्रिक वेरिएंट टाटा अल्ट्रॉज ईवी और टाटा टिएगो ईवी लॉन्च करने वाली है। ह्युंदै मोटर्स भी जल्द ही भारत में अपडेटेड ह्युंदै कोना के साथ ही आयोनिक 5 जैसी इलेक्ट्रिक कारें लॉन्च करने की कोशिश में हैं। भारत में अगले कुछ दिनों में मिनी कूपर एसई इलेक्ट्रिक भी लॉन्च होने वाली है। अगले साल भारत में मारुति वैगनआर इलेक्ट्रिक मारुति फ्यूचरो-ई, टाटा सिएरा, निसान लीफ, रेनो जो, रेनो के-जेडई के साथ ही टेस्ला मॉडल 3 र टेस्ला मॉडल एस जैसी इलेक्ट्रिक कारें भी लॉन्च होंगी। बता दें कि देश की महंगे पेट्रोल और डीजल से जनता काफी परेशान है और खासकर महानगरों में तो लोगों की स्थिति काफी दयनीय है।

# चाइनीज कंपनी रियलमी बाजार में उतारेगी 60 हजार का फोन

**नई दिल्ली ।** चाइनीज कंपनी रियलमी के फाउंडर और सीईओ स्काई ली ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा है कि कंपनी अब प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में उतरने जा रही है। उन्होंने यूजर्स से पूछा है कि आप रियलमी की तरफ से एक प्रीमियम स्मार्टफोन में क्या क्या चाहते हैं। ली ने अपने ट्वीट में कहा कि कंपनी 800 अमेरिकी डॉलर तक की कीमत के स्मार्टफोन बाजार में उतारने पर काम कर रही है।800 अमेरिकी डॉलर का मतलब है लगभग 59,500 भारतीय रुपये। इसका मतलब यह हुआ कि भारत में यह स्मार्टफोन 60,000 रुपये या फिर उसके ऊपर की कीमत में खरीदा जा सकेगा। इससे पहले कंपनी ने अपना फ्लैगशिप स्मार्टफोन रियलमी जीटी 5जी उतारा था। इसकी कीमत भारत में 37,999 रुपए से शुरू होकर 41,999 रुपए तक थी। हालांकि अभी तक कंपनी के प्रीमियम स्मार्टफोन के बारे में कोई भी जानकारी नहीं है। परंतु यह कहा जा सकता है कि कंपनी के इस डिवाइस में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी होगी, फ्लैगशिप प्रोसेसर के साथ प्रीमियम डिस्प्ले और एक पावरफुल कैमरा दिया जा सकता है। कंपनी के सीईओ स्काई ली के ट्वीट पर रिप्लाई करते हुए कुछ लोगों ने लिखा है कि वे रियलमी से बेहतर कैमरा परफॉर्मेंस, लंबे समय के लिए हार्डवेयर सपोर्ट, वाटर रेसिस्टेंट, वायरलेस चार्जिंग, ग्लास बैक जैसी चीजों की उम्मीद करते हैं।यह स्मार्टफोन भारत में 2022 के पहले 6 महीनों के अंदर लॉन्च हो सकता है। माना जा रहा है कि इस स्मार्टफोन में स्नैपड्रैगन 898 चिपसेट या मीडियाटेक डाइमेंसिटी 2000 चिपसेट हो सकता है। इसके अवाला फोन में 1500 निट्स तक की ब्राइटनेस वाले ई5 एमोलेड डिस्प्ले होने की संभावना भी है। बता दें कि रियलमी ने ओप्पो के सब ब्रांड के तौर पर शुरुआत की थी। शुरुआती दिनों में कंपनी ने केवल बजट स्मार्टफोन पर ही फोकस किया। इसके बाद कंपनी ने कुछ मिडरेंज सेगमेंट के फोन उतारे। जब कंपनी को दोनों तरह के सेगमेंट में सफलता हासिल होने लगी तो कंपनी ने खुद को ओप्पो से पूरी तरह अलग कर लिया। बता दे ?कि रियलमी ने सैमसंग गैलेक्सी एस सीरीज और ऐपल के फ्लैगशिप स्मार्टफोन्स से टक्कर लेने के लिए प्रीमियम रेंज में स्मार्टफोन उतारने की तैयारी कर ली है। यही नहीं, कंपनी अपनी सिस्टर कंपनी वनप्लस के साथ भी कंपीटिशन करेगी।

## कंपनी ऐपल, सैमसंग, वनप्लस से मुकाबले के लिए तैयार



# दिव्यांग जनों के विकास के लिए केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने योजना बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया : संध्या राय

### दिव्यांग शिक्षा के क्षेत्र में भी उन्होंने अपना नाम रोशन किया : ओ पी एस भदौरिया

### दिव्यांग जनों को 873 उपकरणों का किया वितरण





**भिण्ड।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद संध्या राय ने कहा कि की भिंड और दतिया जिलों को भारत सरकार की योजना का लाभ दिलाने के लिए एडिप योजना के तहत जोड़ा गया है जिसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती हूं अभी तक यह जिले शामिल ही नहीं थी और दिव्यांग जनों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। भाजपा सांसद संध्या राय ने कहा कि भिंड जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक ग्राम पंचायतों के बूथ स्तर पर दिव्यांग जनों के लिए साप्ताहिक शिविर आयोजित किए जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को भी दिए ताकि प्राथमिकता के आधार पर उन्हें भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार की दिव्यांग योजना का लाभ मिल सके जिसकी सूची भी तैयार करने के निर्देश दिए गए, यह योजना सामाजिक न्याय विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवाज राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के तहत दिव्यांग जनों के भविष्य के लिए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु अनेकों योजनाओं को संचालित किया है जिसका लाभ हमारे दिव्यांगजन ले रहे हैं जिनका कोई नहीं होता उनका भगवान होता है और वह श्रवण कुमार की भूमिका में आकर जन सेवा भाव का कार्य कर रहे हैं ।

राज्यमंत्री भदौरिया ने सभी लोगों से आव्हान किया कि कोविड-19 के लिए वैक्सीन अभियान चलाया जा रहा है एवं जो लोग वंचित रह गए हैं उन्हें अस्पताल मिनी पीएचसी अस्पताल उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों तथा कोविड-19 सेक्टरों पर पहुंचा कर वैक्सिंग के लिए जागृत करें ताकि हम इस लड़ाई को और अधिक जीते और आप सब के जन सहयोग से भारत में 100 करोड़ से अधिक लोगों का पहला और दूसरा डोस लक्कड़ कोविड-19 की महामारी की लड़ाई को हम जीत चुके। क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाहा संजू ने भी कहा 2 महीने मैं भिंड विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायतों पर दिव्यांग जनों की सूची को विभागीय द्वारा तैयार की जाएगी ताकि योजना का लाभ उन्हें मिल सके। केंद्र और राज्य सरकार दिव्यांग जनों के लिए अनेकों विकास योजनाओं को संचालित करते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा से जुड़ रही है। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकृत मंत्रालय का पूर्ण पालन करते हुए वितरण का कार्य संपन्न हुआ। सभी दिव्यांग जनों एवं आगंतुकों का थर्मल स्क्रीनिंग एवं हाथों को अच्छी तरह सेनीटाइज करने के बाद ही शिविर में प्रवेश दिया गया।



## सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे टेम्पू, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

**भिण्ड।** इन दिनों शहर की सड़कों पर टेम्पू चालक 3 की जगह 23 सवारियां लेकर घूम रहे है, जिसके चलते कभी बड़ा हादसा घटित हो सकता है जिसके लिए ट्रैफिक व पुलिस विभाग जिम्मेदार होगा। ऐसा ही नजरा बायपास रोड भारौली तिराहे पर देर रात को देखने को मिला, जिसमें एक टेम्पू चालक 3 की जगह लगभग दो दर्जन से अधिक सवारियां भरे हुए था, अगर यह टेम्पू रास्ते में कहीं भी पलट जाता तो बड़ा हादसा घटित हो सकता था, लेकिन ऐसे टेम्पू चालक पर कोई भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है ज्ञात हो कि विगत वर्ष ग्वालियर में एक टेम्पू ऑवरलोड लेकर सवारियां लेकर जा रहा था जिसमें कई लोगों अपनी जान गवाही थी, जिसके बाद भी जिले में पुलिस महकमा नहीं चेत रहा है शायद किसी बड़े हादसे के इंतजार में है तभी तो ऐसे वाहनों पर किसी तरह की कार्रवाई करने की बजह आंखें बंद करके बैठा हुआ है। शहर में सड़कों पर बेखौफओवरलोड वाहन दौड रहे हैं। ये वाहन चाहे ट्रक, ट्राले, ट्रैक्टर-ट्रालीए कैंटर या थ्री-व्हीलर क्यों न हों, सभी हर समय ओवर लोडेड दिखाई पडते हैं। ये सडक पर होने वाले हादसों का प्रमुख कारण हैं। बेशक सरकार इन पर लगाम लगाने के लिए ओवर लोडेड होने पर शिकंजा कस रही हो, मगर फि भी हादसों में कमी नहीं आई है। प्रशासन की लापरवाही से सडकों पर ओवरलोड वाहन बेरोक-टोक दौड रहे हैं। इससे यातायात व्यवस्था बिगडने के साथ ही हादसे भी बढ़ रहे हैं। खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हैं। अपनी टेम्पू में ठूंस-ठूंस कर भर लेते हैं। थ्री-व्हीलर चालक क्षमता से अधिक सवारियां तो बैठाते ही हैं, साथ ही भवन निर्माण की सामग्री भी ठूंस-ठूंस कर भर लेते हैं। बिना संकेतक के सडकों पर बेखौफदौढते दिखते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एमजेएस कॉलेज की एनएसएस इकाई के छात्र कॉल के माध्यम से कर रहे दूसरा डोज लगवाने के अपील'



**भिण्ड** । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के आदेशानुसार जिला चिकित्सालय भिण्ड में सीएमएचओ कार्यालय में स्थित कोविड कॉल सेंटर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको के द्वारा निरंतर दसवाँ दिन कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान के अतंर्गत प्रतिदिन करीब 4000 से अधिक लोगों को कॉल लगाकर दूसरा डोज लगवाने की अपील कर रहे है। इस कार्य में शासकीय एमजेएस महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई 02, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रं. 01, अमृत युवा मंडल के युवा स्वयं सेवक प्रतिदिन 03 घंटें अपना समय देकर उक्त कार्य कर रहे है।

### खेत की मेड निकालने को लेकर वृद्ध की मारपीट

**भिण्ड।** असवार थाना क्षेत्रान्तर्गत एक की मेड निकालने को लेकर दो लोगों ने एकराय होकर एक वृद्ध के साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शेषराम त्यागी उम्र 60 वर्ष पुत्र पालसिंह निवासी असवार ने बताया गुरुवार शाम 4 बजे क्षेत्र के अरविन्द पयारी के खेत की मेड के ऊपर उसी गांव निवासी मुरारी पुत्र मोहनलाल, मोनू पुत्र मुरारी ने एकराय होकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### 118 पैकिट रॉयल व्हीस्की के जब्त, महिला आरोपी गिरफ्तार

**भिण्ड।** गोरमी थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.15 में एक महिला घर से अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही घेराबंदी करते हुए उसे हिरासत में लिया और आरोपी के पास से अवैध शराब जब्त की। पुलिस ने महिला आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार रात 10.30 बजे सीता देवी पत्नी वीरसिंह नरवरिया निवासी वार्ड क्र.15 गोरमी जो घर से अवैध शराब की बिक्री कर रही थी, जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही दबोचकर हिरासत में लिया।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया अज्ञात

**भिण्ड।** कोतवाली थाना क्षेत्र के किराये के मकान में रहने वाली एक किशोरी अचानक घर से गायब हो गई, जिसकी परिजनों ने काफी तलाश की जिसके बाद भी पता नहीं चला तो थाने पहुंचकर अज्ञात के विरुद्ध बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरु कर दी है।

# नेक नियत की कमी है आज पहरेदार में, आदतन अपराधियो की भीड़ है सरकार में, कवि सम्मेलन आयोजित



**भिण्ड।** दबोह नगर में श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ के पुनीत अवसर पर 18 नवम्बर 2021 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी कथा परीक्षित श्रीमती सुमन डॉ हरनारायण पाराशर द्वारा आयोजित कराया गया था। जिसमे राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित गजलकार तथा व्यंग्यकार डॉ सुनील त्रिपाठी निराला तथा अन्य राज्यो के कवियों ने हिस्सा लिया सबसे पहले आई श्रीमती सुमन मिश्रा ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया साथ गीतों की रसवर्षा की। तो वही उरई के वीरेंद्र तिवारी ने वीररस से ओतप्रोत अपनी कविता वर्षा की जिस पर दर्शकों ने जमकर ताली ठोकी। कवि सम्मेलन में टूंडला के राम राहुल ने हास्य से भरी कविताएं सुनाकर श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। इसके बाद माहौल को गीतों की तरफ ले जाकर आगरा के प्रसिद्ध गीतकार डॉ. अंगद धारिया ने शानदार गीतों का रस बर्षाया वही रोला और दोहा लेखन में अपनी पहचान कायम कर चुके लहार के जितेंद्र त्रिपाठी अमित ने आज की परिस्थितियों पर दोहा गा कर दर्शकों को बांधे रखा। यूपी झांसी के व्यंग्यकार हरनाथ सिंह चौहान ने अपने चुटीले अंदाज में रचनाओं को सुनाया जिसे सुनकर श्रोता लोटपोट होते दिखे भिंड से आये युवा ओजस्वी कवि आशुतोष शर्मा नंदू भैया ने अपने काव्यपाठ से राष्ट्रवाद के स्वर को गुंजायमान किया मंच का बेहतरीन संचालन कर रहे डॉ. सुनील त्रिपाठी निराला की धारदार गजलों का तेवर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर गया। एक बानगी देखें, नेकनीयत की कमी है, आज पहरेदार में। आदतन अपराधियों की, भीड़ है सरकार में। तो उन्होंने अपनी प्रसिद्ध कविता बारे दद्दा बारे दद्दा, वाह वाह रे दद्दा। फटी फटाई दरी कल तक ओर आज गद्दा सुनाई तो पंडाल तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. हरनारायण पारासर, समाजसेवी राजेंद्र खेमरिया एवं एलआईसी अभिकर्त्ता कृष्णदत्त मिश्रा (छोटे) के द्वारा कवियों को शॉल, श्रीफल और परिश्रम निधि भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अबसर पर नगर के पत्रकार हरिश चन्द्र पांडेय, अजय त्रिपाठी, बंटी कौरव, दिलीप नायक सुधांशु मुदगिल सभी ने कवियों के कबिता पाठ का लुप्त उठाता।

# थाने पहुंचकर पहले पति ने कहा मेम साहब मेरी पत्नी दिलवा दो, हमारा तलाक तक नहीं हुआ

### डीएसपी पूनम थाना ने थाने में तीनों को बुलाया और बोली बिना तलाक के दूसरी शादी मान्य नहीं

### पहले पति से लेती थी भरण पोषण, दूसरे के संग रह रही थी महिला

**भिण्ड।** जिले में एक दिलचस्प मामला सामने आया है। पत्नी ने बिना तलाक लिए दूसरी शादी कर ली। पहले पति से हर महीने भरण-पोषण भी लेती रही और दूसरे पति के साथ रहने लगी। दूसरी शादी की बात जब पहले पति को पता चली तो वह थाने पहुंच गया। पुलिस ने महिला और उसके दूसरे पति को भी बुला लिया। थाने में



डीएसपी पूनम थापा से पहले पति ने कहा मेरी पत्नी वापस करा दो। बिना तलाक लिए उसने दूसरी शादी कर ली, जबकि वो हर महीने मुझे से भरण-पोषण का खर्च लेती रही। इस पर महिला ने कहा कि पहला पति मुझे पसंद नहीं है। दरअसल जिले के मेहगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कौहार के रहने वाले धर्मेंद्र पुत्र रामदास जाटव की शादी 4 मार्च 2017 में भिंड निवासी राखी से हुई थी। शादी के बाद महिला करीब एक साल ससुराल में रही। धर्मेंद्र दिल्ली में जॉब करता है। कुछ दिनों तक वो अपने पति के साथ दिल्ली रही। इसके बाद वो मायके आकर रहने लगी और फिर दोबारा वापस ससुराल नहीं गई। मायके में रहकर ही महिला ने भरण पोषण का केस भी लगाया। कोर्ट के आदेश पर पति धर्मेंद्र हर महीने 3500 रुपए भरण पोषण के लिए देता रहा। करीब एक साल पहले राखी ने 28 दिसंबर 2020 राय सिंह जाटव निवासी सौंधा से कोर्ट मैरिज कर ली जबकि राखी का पहले पति से तलाक नहीं हुआ है। इसका केस अभी चल रहा है।

### पति बोला ससुराल वाले 2 लाख रुपये की कर रहे मांग

दिल्ली में जॉब कर रहे धर्मेंद्र को दूसरी शादी की भनक नहीं लगी और वह हर महीने भरण-पोषण के लिए रुपए भेजता रहा। जून महीने में उसे राखी की शादी की खबर मिली। इस पर उसने अपनी ससुराल बातचीत की। धर्मेंद्र का कहना है कि राखी के माता-पिता दो लाख रुपए केस समाप्त करने के मांग रहे हैं। उसने बताया कि मैंने राखी के दूसरे पति राय सिंह और उनके परिजनों से बातचीत की। उन्होंने राखी की मांग को जायज ठहराया। इसके बाद धर्मेंद्र आवेदन लेकर पिछले महीने महिला थाने पहुंचा।

# दंदरौआ धाम में धूमधाम से मनाया गया रामदास महाराज का जन्मोत्सव



### श्रद्धालुओं ने फलों और मिष्ठान से किया तुलादान, महाराज जी ने किया पौधारोपण

**भिण्ड।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दंदरौआधाम में शुक्रवार को श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामदास जी महाराज का जन्मोत्सव भक्तों द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाराज जी को वस्त्र और फल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं भक्तों ने फलों और मिठाइयों के साथ तुलादान किया। महाराज जी ने अपने जन्मदिन पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे सभी लोग अपने, अपने पाल्यों एवं परिजनों के जन्मदिन पर पाश्चात्य सभ्यता का प्रतीक केक न काटते हुए वृद्धों एवं बच्चों के बीच जन्मदिन मनाएं और कम से कम एक-एक पौधा अवश्य लगाएं और उनका संरक्षण का भी संकल्प लें। इस मौके पर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजीत मिश्रा, पूर्व एसडीएम एमएल दौलतानी, पूर्व विधायक राकेश शुक्ला, समाजसेवी नाथूराम चुरारिया, रामवरन पुजारी ,नरेन्द्र चौधरी, प्रमोद चौधरी, पवन शर्मा, सनी शर्मा, मायाराम शर्मा, रामहरी शर्मा, अनिल शर्मा पत्रकार, रामहर्ष सिंह, अमित दांतरे, विष्णु त्रिपाठी, जलज त्रिपाठी, राजेन्द्र शास्त्री, राजनारायण शर्मा, सीताराम शिवहरे, सतीश कौशिक, मौ थाना प्रभारी शिव सिंह यादव, विद्या देवी कौरव,नरसी दद्दा सहित हजारों भक्तों ने जन्मोत्सव की धूमधाम से मनाया गया।

# गोविन्द नगर वासियों के खिले चेहरे, विधायक ने नवनिर्मित सीसी रोड़ का किया भूमिपूजन

### जनसमस्याओं को सुनकर मौजूद अधिकारियों से निराकरण करने के दिए निर्देश





**भिण्ड।** शहर के वार्ड क्रमांक 36 गोविन्द नगर में वर्षों से रह रहे लोग कच्चे और कीचड़ भरे रास्ते से निकलने को दुबर थे जिसका निर्माण कराने के लिए उन्होंने कई बार आला अधिकारियों व पूर्व जनप्रतिनिधियों के यहां चक्कर लगाए, लेकिन समस्या जस की तस रही। समय बदला, जनप्रतिनिधि बदले, तो लोगों ने विश्वास जताया और विधायक संजीव सिंह संजू ने अपने मन की बात कही और रास्ते की गमगीन स्थिति से अवगत कराया। चूंकि विधायक संजीव सिंह चुनाव के दौरान उन गलियों से गुजरे तो निकल नहीं पाए मौजूदा स्थिति को देखते हुए उन्होंने मौहल्लेवासियों से वादा किया था कि आप मुझे अपनी ताकत देकर मजबूत कर दें तो मैं इसका जल्द ही निराकरण कर दूंगा। शुक्रवार को सदर विधायक श्री कुशवाह ने गोविन्द नगर पहुंचकर 23.96 लाख की लागत से नवनिर्मित सीसी रोड़ का भूमिपूजन किया तो स्थानीय लोगों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने उम्मीद पर खरे उतरे विधायक संजीव सिंह का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक संजीव सिंह ने कहा कि जब मैंने इस रोड के निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार कराया तो पता चला कि यहां पहले नाला निर्माण कराना जरूरी है तो पहले मैंने नाला निर्माण कराने की कार्यवाही करवाई। नाला निर्माण में वाउण्ड्रीवॉल बीच में आयी उसका विकल्प निकाला, जिसके बाद सड़क के चौड़ीकरण के बीच कुछ बिजली के खम्भे भी रोड़ा बने, जिन्हें शिफ्ट कराने का कार्य कराया तब जाकर इस रोड़ का निर्माण हो पाया। कार्य स्वीकृत होने के बाद सही गुणवत्ता का कार्य हो और लोगों को असुविधा न हो इसका पूरा ध्यान रखा। चूंकि शहर में दो बड़े प्रोजेक्ट और निर्माणाधीन है टाटा प्रोजेक्ट एवं सीवर प्रोजेक्ट जिनकी वजह से कार्यों में शिथिलता है जो रोड़ हम बनाना चाहते है वे लोग उसी रोड़ को खोदने लगते हैं तो हमने कम्पनियों के कार्य होने के बाद निर्माण कार्य करवाने की योजना बनायी है। विधायक संजीव सिंह ने बताया कि बम्बा के दूसरी तरफ का रोड़ को स्मार्ट रोड़ बनाने की योजना तैयार की है क्योंकि हमारे पास जगह बहुत है। उसमें सर्विस रोड़ एवं नाले नालियां निकाल सकते हैं जिसका जल्द ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य गलियों की रोड़े जैसे कुरथरा रोड़ उसका भी टेंण्डर लगवाने की तैयारी चल रही है। इसी क्रम में विधायक संजीव सिंह से वार्डवासियों मूलभूत समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करवाने का आवश्वासन दिया।

# पराक्रमी बिरसामुण्डा को भगवान बनाने के निहितार्थ

**राकेश कुमार वर्मा**

**जनजाति समुदाय से सियासती हित साधने की रणनीति**

**मन-ओ-सल्वा (अन्नपूर्णादेवी) का जमाना जा चुका, भूक और आफात की बातें करें।**

**ताजे-षाही के कसीदे (सरकार की स्तुति)हो चुके, फाकाकष जम्हूर (भूखी जनता)की बातें करें।**

महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के शिरडी शहर की एक महिला ने जिन स्थितियों में अपने तीन दिन के नवजात को बेचा वह एक बार फिर देश के विकास की परिभाषा पर सवाल उठाता है। उल्लेखनीय है कि एक सितंबर को प्रसव उपरांत इस जच्चा ने आर्थिक तंगी के चलते अपने नवजात को अहमदनगर और ठाणे की तीन महिलाओं की मदद से एक व्यक्ति को 1.78 लाख रुपये में बेच दिया। कानूनी कसौटी और सामाजिक लिहाज से जच्चा का यह फैसला उचित नहीं ठहराया जा सकता। ऐसे मामलों में कानून की अपनी बाध्यताएँ हैं। इसलिए नियमानुसार दोनो पक्षों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की गई। ऐसी समस्याओं से निपटने के क्रम में उनकी जड़ों या मूल वजहों की पड़ताल का ध्यान रखा जाना चाहिये। उसके हालात पर गौर करना एक संवेदनशील समाज और व्यवस्था की जिम्मेदारी है, जिसके अभाव में ममता का सौदा कर वह एक विवश माँ की भावनात्मक त्रासदी की पर्याय बनी। सवाल यह नहीं कि गरीबी की वजह से उत्पन्न लाचारी में पीड़िता को अपनी संवेदना से समझौता करना पड़ा बल्कि सवाल यह है कि उसे ऐसी स्थिति से उबरने के लिए समाज और सत्तातंत्र ने क्या प्रयास किये?

प्रकृति को जीवन का आधार बताते हुए उसका मानवीयकरण किया जाता है जहाँ वह हमें स्त्री के रूप में पोषित करती आई है। उसके वात्सल्य में पल्लवित तत्व शिशु की भांति अठखेलियां करते हुए हमें संवेदनशील बनाते हैं । स्वभाविक है साहित्य में आत्मा की सतह पर पहुंचने के लिए स्त्री और शिशु को वरीयता देते हुए प्रसंगो की रचना की जाती रही है। इसलिए ऐसी एक और घटना का उल्लेख करना प्रासंगिक होगा। नवजात विक्रय या मानव दुर्व्यापार का तंत्र व्यापक है लेकिन अस्तित्व की लड़ाई में गर्भाशय का निर्मूलन हमें पाषाणयुगीन कल्पना का बोध कराती है। इस संबंध में नितिन राउत ने मराठवाड़ा की इस समस्या के प्रति मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का ध्यान आकृष्ट किया है। उदरपोषण के लिए मध्य महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में 30 हजार से अधिक महिलायें जिस पाशविक व्यवस्था का शिकार हो रही हैं उसकी कल्पना मात्र से मानवता दहल जाती है। जहाँ ईश्वर, ज्ञान, नीति, संप्रदाय, धर्म-जाति, न्याय जैसी अवधारणायें गौण हो जाती हैं वहां आज भी जठराग्नि के शमन के लिए श्रमिकों को प्रतिक्षण काल(मौत) का सामना करते देखा जा सकता है। माहवारी और मातृत्व के कारण मजदूरी से वंचित इन महिलाओं ने अपना गर्भाशय निकलवाकर जीवन-मरण की दुविधा से मुक्ति पा ली है।

यह त्रासदी तब और विकराल हो जाती है जब सतह पर दिखती चकाचैंध को ही यथार्थ मान लिया जाता है। यह उस व्यवस्था का चेहरा है जहां सरकारीस्तर पर घोषित गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम और योजनायें वास्तविक जरूरतमंदों के लिए दूर की कौड़ी बनी हुई है। आखिर यह समूची तस्वीर किन नीतियों और राजनीतिक इच्छाशक्ति की परिणति है?

इच्छाशक्ति केवल सत्ता से जुड़ी नहीं होना चाहिये । कल की पंक्तियां याद करें- 'पथ का अंतिम लक्ष्य नहीं है सिंहासन चढ़ते जाना .... तो हम प्रयाण कर चुके प्रभावी नायकों के सुशासन की अवधारणा को पुष्ट कर सकेंगे। लेकिन हम पूर्व के सत्तासीनों की तरह ही अतिवादी वृत्तियों से मुक्त नहीं हो पाये हैं, जो अंततः कष्टकर साबित होगा। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हाल ही में महामारी के बावजूद प्रधानमंत्री की सुरक्षा और सत्कार में अपरिमित धन व्यय करना जनता के साथ न्याय नही है।

जनजातीय नायक बिरसा मुण्डा का महिमा मण्डन किया गया। देश के लिए पराक्रम, शौर्य की प्रेरणा के विचार से यह उचित भी है लेकिन, उन्हें भगवान बनाने की प्रक्रिया जल में मछली के लिए चारा फेंकने जैसा प्रतीत होता है। जाहिर है राज्य में जनजातिय वर्ग का बड़ा महत्व रहा है और राजनीतिक शीर्ष पर उसका प्रतिनिधित्व होना भी चाहिये। जनजातीय लोगों की जीवन शैली, उनका साहित्य, सांकेतिक भाषा पर्यावरण अनुकूल समाज के लिए अनुपम देन रही है। अतएव उसके हित में योजनओं का क्रियान्वयन भी करना चाहिये। लेकिन विमुक्त, अनजान, और अज्ञात दुर्गम स्थानों पर निवासरत इस समुदाय के लिए किये गये रचनात्मक कार्यों के दावे कितने सार्थक होंगे?

भगवान की संज्ञा देना मानववृत्ति को चरित्र से चित्र पूजा की ओर ले जाता है। फिर वह भगवान भरोसे ही अकर्मण्यता को प्राप्त होता है। दूसरा यह कि भगवान गुण वाचक शब्द है जिसका अर्थ गुणवान होता है। यह भग धातु से बना है ,भग के 6 अर्थ है- 1-ऐश्वर्य 2-वीर्य 3-स्मृति 4-यश 5-ज्ञान और 6-सौम्यता जिसके पास ये 6 गुण है वह भगवान है। संस्कृत भाषा में भगवान भंज धातु से बना है जिसका अभिप्राय - सेवायाम् हैं, जो करुणा और कल्याण भाव से निरंतर सेवा में प्रतिबद्ध हो, जिसका हम सर्वत्र आलौकिक अनुभव करते हैं । जो मनुष्य जीव ,भूमि गगन वायु अग्नि नीर को दूषित ना होने दे सदैव स्वच्छ रखे वो भगवान का भक्त होता है भ=भक्ति ग=ज्ञान वा=वास न=नित्य, जिसका निरंतर ध्यान हमें ऊर्जा प्रदान कर कल्याण की ओर उद्यत करता है। ऐसे देवतागण शिव, सूर्य, विष्णु और उनके अवतारों के लिये उपाधि है जबकि पराक्रम और शौर्यता से किसी लक्ष्य को हासिल करना महापुरुष को शूरवीर बनाती है जिसे प्रेरणा के रूप में प्रतिष्ठित किया जाता है। यद्यपि इस शब्द से उपकृत होने की लालसा में इसका प्रतिवाद अनुचित होगा।

अगर रानी कमलापति के इतिहास की बात कि जाये तो वह एक गोंड शासक थी. रानी कमलापति ने गिन्नौरगढ़ के राजा के साथ विवाह किया था, जो वर्तमान रायसेन जिले में रातापानी बाघ अभयारण्य में 700 मीटर ऊँची पहाड़ी पर स्थित एक दुर्ग है। वर्तमान समय का भोपाल वह उस समय एक छोटा सा गांव हुआ करता था. निजाम की शाह की ईर्ष्यावश षड़यंत्रपूर्वक उनके भतीजे ने हत्या करवा दी। निजाम के निधन के बाद कमलापति अपने पुत्र नवल शाह के साथ गिन्नौरगढ़ से भोपाल स्थित रानी कमलापति महल में आकर रहने लगी। जहां से जगदीशपुर निवासी मछुआरे मोहम्मद खान की मदद से षडत्रयंत्रकारी को मरवाकर पति का प्रतिशोध लिया । जगदीशपुर वर्तमान भोपाल में इस्लाम नगर के नाम से जाना जाता है जहां राजपूतों का शासन था। 18वीं शताब्दी में अफगान कमांडर दोस्त मोहम्मद खां ने इस कस्बे को अपने अधीन कर इसका नाम इस्लाम नगर रखा। रानी कमलापति द्वारा विवाह प्रस्ताव ठुकराये जाने से उत्पन्न विद्रोह के कारण मोहम्मद खान और रानी कमलापति के 16 वर्षीय पुत्र नवल शाह के बीच हुए संघर्ष में नवलशाह वीरगति को प्राप्त हुआ। इस युद्ध के दौरान घाटी में परस्पर इतना रक्त बहाया गया कि वह पूरी तरह से लाल हो गइ जिसे आज लालघाटी के नाम से जाना जाता है. इसके बाद भोपाल पर मोहम्मद खान का एकाधिकार हो गया। इस तरह अपने निजी स्वार्थ के लिए अफगानी शासन को बढ़ावा देने में रानी कमलापति का योगदान कहा जा सकता है। यह बात अलग है कि गौड़ जनजातीय से ताल्लुक रखने के कारण हबीबगंज का नाम कमलापति के नाम पर किया जाना उचित है।

यह घटनाये हमें बताती हैं कि सत्तासीन होते ही सुशासन जैसे वादे अवसरवाद की राजनीति के लिए चुनावी जुमला साबित होकर रह जाता है। सुशासन अर्थात चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था, सर्वोत्तम बुनियादी सुविधायें और कारोबार और रोजगार के उचित अवसर आदि। सुशासन समग्र प्रयास से स्थापित होता है,वह एकांगी कभी नहीं हो सकता। ऐसा नही हो सकता कि लचीली नीतियां बनाकर या कुछ सरलता उपलब्ध कराकर राज्य में कारोबार के लिए स्थितियां तो बेहतर बना ली जायें पर अपराध और भ्रष्टाचार रोकने के मामले में शिथिलता बरतते रहें। जब किसी राज्य में सुशासन और खुशहाली आंकी जाती है तो वहाँ की जीवनस्तर, सड़कों की हालत, स्वास्थ्य सुविधायें, शिक्षण संस्थाओ की स्थिति सहित किसान, व्यवसायी की सहजता को भी परखा जाता है। महिलायें और समाज के निर्बल कहे जोने वाले तबकों के लोग कितने सुरक्षित हैं प्रशासन से आम लोगों की नजदीकियां कितनी है। अपराध होने पर अपराधियों की मुस्तैदी से कार्यवाई का स्तर किस न्यायपूर्ण तरीके से निपटाया जाता है जैसे मूलभूत मामले सुशासन के दायरे में आते हैं। मगर आज सत्ता नियंत्रित कार्य पक्ष-विपक्ष में बँटे नागरिकों के संतोष और असंतोष पर निर्भर न रहकर राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय एजेंसियों के अध्ययन और उनके द्वारा जारी आंकड़ों की बाजीगरी में उलझकर रह गया है। ऐसी स्थिति में वास्तविक स्थिति से कैसे साक्षात्कार किया जा सकता है?

## हिंदू और हिंदुत्व पर छिड़ी नयी बहस

हिंदू और हिंदुत्व पर इन दिनों नयी बहस छिड़ गयी है। इस मुद्दे को कांग्रेस के नेताओं ने छेड़ा है और भाजपा इस मुद्दे पर आक्रामक नजर आ रही है। राहुल गांधी ने कहा है कि हिंदू और हिंदुत्व अलग-अलग हैं। आरएसएस और बीजेपी की विचारधारा नफरत भरी है। आज हम माने या न माने आरएसएस और बीजेपी की नफरत भरी विचारधारा कांग्रेस पार्टी की प्रेममयी, स्नेही और राष्ट्रवादी विचारधारा पर भारी पड़ गई है। क्योंकि हमने इसे अपने लोगों के बीच आक्रामक रूप से प्रचारित नहीं किया है। हमें इसे स्वीकार करना ही होगा। लेकिन हमारी विचारधारा जिंदा है, जीवंत है। राहुल गांधी का यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब हिंदू और हिंदुत्व पर टिप्पणी करने को लेकर कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद और राशिद अल्वी पर बीजेपी हमलावर है। सलमान खुर्शीद ने अपनी अयोध्या फैसले पर अपनी किताब 'सनराइज ओवर अयोध्या' में हिंदुत्व की तुलना आतंकी संगठन आईएसआईएस और बोको हराम से की है। वहीं राशिद अल्वी ने जय श्री राम का नारा लगाने वालों की तुलना रामायण के कालनेमि राक्षस से की है और कहा कि रामराज्य और जय श्री राम का नारा लगाने वाले मुनि नहीं, बल्कि रामायण काल के कालनेमि राक्षस हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने अपनी नई पुस्तक में हिंदुत्व पर की गई एक टिप्पणी को लेकर छिड़े विवाद के बीच अपने रुख पर कायम रहते हुए कहा कि 'हिंदुत्व' ने सनातन धर्म को किनारे लगा दिया है तथा इसने बोको हरम एवं उसके जैसे दूसरे संगठनों की तरह आक्रामक रुख अख्तियार कर कर लिया है। खुर्शीद सफाई देते हैं कि इन लोगों को आतंकवादी नहीं कहा है। उनने सिर्फ यह कहा है कि ये लोग धर्म को विकृत करने में एक जैसे हैं। हिंदुत्व ने सनातन धर्म और हिंदू मत को किनारे लगा दिया है तथा इसने बोको हरम तथा ऐसे दूसरे संगठनों की तरह आक्रमक रुख अख्तियार कर लिया है। हिंदुत्व को जिस तरह से इसके मानने वालों ने आगे बढ़ाया है, उससे धर्म विकृत हो रहा है। पुस्तक में की गई टिप्पणी को लेकर कांग्रेस के ही वरिष्ठ मुस्लिम नेता गुलाम नबी आजाद ने खुर्शीद को निशाने पर लिया और कहा कि उनकी बात तथ्यात्मक रूप से गलत और अतिशयोक्ति है। इस पर खुर्शीद का कहना है कि वे गुलाम नबी के साथ वाद-विवाद में नहीं पड़ना चाहते हैं, क्योंकि यह बात किसी हल्के-फुल्के क्षण में कह दी होगी। इसे गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए। परंतु अगर उन्होंने यह बात गंभीरता से कही है, तो हम उनकी बात का सम्मान करते हैं, क्योंकि वह वरिष्ठ व्यक्ति हैं। लेकिन इससे सोच नहीं बदलने वाली है। हिंदू और हिंदुत्व पर जारी विवाद के बीच राजधानी दिल्ली के एक वकील ने इस मामले में दिल्ली पुलिस के समक्ष शिकायत दर्ज कराकर खुर्शीद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। वकील विवेक गर्ग के मुताबिक खुर्शीद ने अपनी पुस्तक 'सनराइज ओवर अयोध्या नेशनहुड इन अवर टाइम्स' में लिखा है-साधु-संतों के लिए जाने जाने वाले सनातन धर्म और खालिस हिंदूवाद (क्लासिकल हिन्दुइज्म) को हिंदुत्व के एक असभ्य रूप द्वारा एक तरफ धकेला जा रहा है, सभी मानदंडों पर यह राजनीतिक संस्करण हाल के वर्षों के आईएसआईएस और बोको हरम जैसे समूहों के जिहादी इस्लाम के जैसा है। हिंदू और हिंदुत्व पर जिस तरह से राजनैतिक दलों के बीच बहस छिड़ी है उसका लंबा चलना भी तय माना जा रहा है।

## सेवाभाव ही सर्वोपरि

एकनाथ देवगढ़ राज्य के दीवान जनार्दन स्वामी के शिष्य। एक बार गुरू देव ने एकनाथ को राजदरबार का हिसाब करने को कहा। एकनाथ बहि-खाता लेकर हिसाब करने बैठ गये। दूसरे ही दिन सुबह हिसाब राजदरबार में देना था। सारा दिन हिसाब लिखने और करने में बीत गया। दिन में बैठे कब रात हो गयी उन्हें पता ही न चला। सेवक दीपक जलाकर चला गया। हिसाब में एक पायी की भूल आ रही था। आधी रात बीत गयी मगर भूल पकड़ में ही नहीं आ रही थी। संत जी हिसाब में खोये रहे। भोर फटते ही गुरू देव एकनाथ के कमरे में आए तो सेत जी को हिसाब में खोये पाया। बहियों पर अंधेरा होने पर भी एकनाथ हिसाब में लगे रहे। इतने में एक पायी की भूल पकड़ में आ गयी। एकनाथ खुशी से चिल्ला पड़े,मिल गयी,मिल गयी। गुरू देव ने पूछा,क्या मिल गया बेटा? एकनाथ विस्मय से बोले कि हिसाब में एक पायी की भूल पकड़ में नहीं आ रही थी वह मिल गयी है। लाखों के हिसाब में एक पायी की भूल के लिए रात भर का जागरण।

## पुरुष प्रधान समाज की वीभत्स कल्पना है भूतनी या चुड़ैल

**निर्मल रानी**

पिछले दिनों भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी ने देश की अनेक हस्तियों को देश के सबसे बड़े एवं प्रमुख पदम् पुरस्कारों से नवाज़ा। इनमें सरकार द्वारा संस्तुति प्राप्त जहाँ कंगना रानावत जैसे कई नाम ऐसे थे जिन्हें सरकार ने %अपना समझकर % पदम् पुरस्कार दिलवाये वहीँ निश्चित रूप से कई ऐसे लोगों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने समाज की मुख्य धारा में पसरी कुरीतियों के विरुद्ध अपनी अकेली परन्तु सशक्त आवाज़ बुलंद की। ऐसा ही एक नाम था झारखण्ड राज्य के सरायकेला ज़िले की रहने वाली छुटनी देवी का जिन्हें राष्ट्रपति महोदय ने पदमश्री पुरस्कार से नवाज़ा।

ग़ौर तलब है कि हमारे देश में केवल दिखावे के लिये या महिलाओं के वोट बैंक पर क़ब्ज़ा जमाने की ग़रज़ से महिलाओं को खुश करने के लिये तरह तरह की बातें सत्ता,सरकार,राजनेताओं व प्रशासन द्वारा की जाती है। कभी देवी तो कभी आधी आबादी कहकर खुश किया जाता है। हद तो यह है कि जहाँ महिलायें महिलाओं हेतु आरक्षित सीटों पर चुनाव लड़ती हैं,आम तौर पर वहां भी उन प्रत्याशी महिलाओं के पतियों का ही वर्चस्व रहता है। महिलाओं को तो केवल हस्ताक्षर करने मात्र के लिये ही सीमित रखा जाता है। कन्या पूजन के नाम पर कंजकों को पूजा जाता है परन्तु दुनिया में सबसे अधिक बलात्कार,सामूहिक बलात्कार और मासूम व नाबालिग़ बच्चियों से बलात्कार व उनकी हत्याओं की घटनायें भी इसी %भारत महान % में घटित होती हैं। बिहार,झारखण्ड,छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश व ओड़ीसा जैसे राज्य जहां ग़रीबी और अशिक्षा अधिक है वहां तो महिलाओं को नीचा दिखाने,उनसे किसी बात का बदला लेने,कुछ नहीं तो अनपढ़ पुरुषों द्वारा समाज में अपना दबदबा दिखाने या रुतबा जमाने के लिये किसी भी महिला को डायन अथवा चुड़ैल बता दिया जाता है। कभी कभी तो परिवार के लोग ही महिला का मकान ज़मीन का हिस्सा हड़पने के लिए भी उसे डायन बता देते हैं। और किसी महिला को एक बार डायन



घोषित करने के बाद उसपर चाहे जितना ज़ुल्म समाज ढाये कोई उस ग़रीब महिला के पक्ष में नहीं खड़ा होता। डायन घोषित की गयी महिला को कभी रस्सियों से तो कभी किसी खूंटे या चारपाई में बाँध दिया जाता है तो कभी किसी पेड़ या खंबे से। उसे मारा पीटा जाता है और भूखा भी रखा जाता है। कई बार तो उसके बच्चों को भी चुड़ैल घोषित महिला के साथ ही तिरस्कृत किया जाता है।

झारखण्ड की छुटनी देवी भी उन्हीं महिलाओं में एक थी जिसे वर्ष 2015 में उसके गांव के कलंकी पुरुषों ने डायन घोषित कर दिया था। उस समय छूटनी देवी का आठ महीने का बच्चा भी था। फिर भी गांव के लोगों को उसपर तरस न आया। बताया जाता है कि छुटनी देवी महतो के घर के साथ वाले किसी कथित स्वयंभू दबंग के घर में कोई बीमार पड़ गया। उन लोगों को शक हुआ कि उसकी पड़ोसन छूटनी देवी ने ही कोई झाड़ फूँक की है जिसके परिणाम स्वरूप ही उनके घर का सदस्य बीमार पड़ा है।बस फिर क्या था ?छूटनी देवी पर तो मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा। गांव के पुरुषों की पंचायत हुई और उसे गांव से बाहर निकालने का %तालिबानी फ़रमान% जारी कर दिया गया। वह अपने आठ महीने के बच्चे को लेकर गांव के बाहर एक पेड़ के नीचे रहने लगी। फिर ओझा के कहने पर छुटनी को मानव मल मूत्र खिलाने की कोशिश की गयी।उसके मना रने पर उसपर मैला फेंका गया। वह न्याय के लिये दर दर भटकती रही परन्तु कहीं से उसे कोई मदद न मिली।

फिर छुटनी देवी ने संकल्प किया कि यह समस्या केवल उसी की नहीं बल्कि रोज़ाना सैकड़ों महिलाओं के साथ यही ज़ुल्म और अन्याय होता है। और फिर छुटनी महतो ने इस प्रकार की पीड़ित महिलाओं को संगठित करना शुरू किया। आज छूटनी देवी चड़ैल और भूतनी बताकर पीड़ित की जाने वाली महिलाओं की एक सशक्त आवाज़ बन चुकी हैं। केवल झारखण्ड ही नहीं बल्कि देश के किसी भी राज्य की उस पीड़ित महिला की वह एक मुखर आवाज़ हैं जिसे भूतनी बताकर तिरस्कृत या अपमानित किया जाता है।

# एक और उपलब्धि

**सूडोकु नवताल- 5897** ★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5896 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

**सिद्धार्थ शंकर)**

देश ने कोरोना महामारी के खिलाफ वैक्सीनेशन कैंपेन में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह पहली बार हुआ है जब फुली वैक्सीनेटेड लोगों की संख्या एक खुराक लेने वालों से अधिक हो गई है। कोरोना टीके की अब तक 113 करोड़ से ज्यादा खुराक लगाई जा चुकी है। 38.07 करोड़ लोगों को वैक्सीन की दोनों डोज लग गई है और 37.47 करोड़ लोगों को अभी तक एक खुराक ही दी गई है। भारत में करीब 94 करोड़ युवा आबादी है। इस तरह अब तक देश के 40.3 फीसदी वयस्कों का फुी वैक्सीनेशन हो चुका है और 40.2 फीसदी को फिलहाल एक ही डोज लगी है। यह मामूली उपलब्धि नहीं है। इससे आबादी का बड़ा हिस्सा महामारी के खतरे से काफी हद तक सुरक्षित हुआ है। देश में टीकाकरण की शुरुआत इस साल 16 जनवरी को हुई थी। साल के अंत यानी 31 दिसंबर 2021 तक पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक-एक खुराक देने का लक्ष्य रखा गया था। तब लग रहा था कि कैसे यह संभव हो पाएगा। उस वक्त टीका निर्माता कंपनियों के पास पर्याप्त उत्पादन की क्षमता और सुविधा नहीं थी। फिर इतनी बड़ी आबादी के लिए टीकों का उत्पादन कोई मामूली काम नहीं था। लेकिन वक्त के साथ सभी के सहयोग से सारी चीजें पटरी पर आती गईं। कंपनियों ने उत्पादन बढ़ाने के उपाय किए, टीके बनाने के



लिए नए संयंत्र भी लगे, विदेशी टीकों कोभी आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी गई और सबसे बड़ी बात यह कि इस महाभियान को कामयाब बनाने के लिए चिकित्साकर्मियों ने अपने को इसमें पूरी ताकत से झोंक डाला। इसलिए अब 31 दिसंबर तक इस लक्ष्य को हासिल कर पाना कोई मुश्किल काम नहीं है। दुनिया में कोरोना की दस्तक के बाद तेजी से बढ़ती इसकी भयावहता को देख लग गया था कि जब तक इसका टीका विकसित नहीं हो जाता या दवा नहीं आ जाती, तब तक बचाव ही एकमात्र उपाय है। इसलिए देश-दुनिया के वैज्ञानिक टीके बनाने में जुट गए थे। अपने देश में भारत बायोटेक ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के सहयोग से कोवैक्सीन तैयार किया। आक्सफोर्ड-एस्ट्रेजेनेका के बनाए टीके कोविशील्ड के उत्पादन की कमान भारतीय कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया ने संभाली। इन दोनों कंपनियों को उत्पादन तेज करने के लिए सरकार ने आर्थिक मदद भी दी। और इस तरह इस 16 जनवरी को टीकाकरण का जो चुनौती भरा अभियान शुरू हुआ, वह आज सौ करोड़ से ऊपर निकल गया। सबसे पहले उन लाखों चिकित्साकर्मियों व अन्य को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया जो देश को कोरोना से बचाने में जुटे थे। कुछ महीने बाद बुजुर्ग आबादी और फिर नौजवानों की बारी आई। अब अठारह साल से कम उम्र के बच्चों का भी टीकाकरण हो रहा है। हालांकि बीच-बीच में ऐसे मौके भी आते रहे जब टीकाकरण की रफ्तार धीमी पड़ी। टीकों की कमी, टीका बनाने में जरूरी कच्चे माल का संकट और कंपनियों की सीमित क्षमता जैसे कई कारण रहे। इससे एक बार तो लगने लगा था कि साल के आखिर तक पूरी आबादी के टीकाकरण का लक्ष्य हासिल हो भी पाएगा या नहीं। दूसरी लहर में भारत ने कोरोना का जो दंश झेला है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। रोजाना संक्रमण की दर और मौतों के मामले में हम अमेरिका तथा ब्राजील के बाद तीसरे स्थान पर थे। तब लगा था कि अगर और पहले टीका आ जाता तो बड़ी संख्या में लोगों को बचाया जा सकता था। हालांकि भारत ने उस कठिन वक्त में भी दूसरे देशों को टीके देकर आपसी सहयोग और भाईचारे की जो मिसाल कायम की, उसे भी दुनिया कभी भूलेगी नहीं।

## एलर्ट बहू

**भरत मिश्र प्राची**

काशीनाथ को अपनी बहू श्यामा से चिढ़ होने लगी जब कि श्यामा हर समय पिता तुल्य ससूर काशीनाथ की हर तरह से देखभाल में अपनी ओर से कोई कमी नहीं आने देने के का हर संभव प्रयास करती। इस प्रयास में उसे न चाहते हुये भी कई बार कठोर से कठोर निर्णय लेने पड़ते। उसे मालूम है कि इस तरह के व्यवहार से पिता जी को तकलीफ होती होगी पर समयानुकूल नहीं होने के कारण उसे ऐसे निर्णय लेने पड़ते। काशीनाथ की उम्र 70 पार हो चुकी थी, इस उम्र में वृद्धापन की सामान्य बीमारी भी अपने घेरे में ले चुकी थी। इस तरह की परिस्थिति में श्यामा उनके स्वास्थ्य को लेकर किसी भी तरह की रिश्क नहे लेना चाहती। जब से चिकित्सक ने काशीनाथ को खान - पान, रहन - सहन को लेकर विशेष हिदायत दे रखी है तब से वह और ज्यादा एलर्ट हो गई। जब काशीनाथ रात के अंधेरे में मोबाइल देखने का प्रयास करते तो श्यामा टोक देती

पिता जी! रात में अंधेरे में मोबाइल देखा न करे, आपकी आंख के लिये अच्छा नहीं। इस बात से काशीनाथ को चिढ़ अवश्य मचती पर श्यामा की टोक में उनकी भलाई निहित थी, उन्हें मालूम है कि उनकी एक आंख मोतियाबिंद की शिकार हो चुकी है, दूसरी आंख भी धिरे - धिरे प्रभावित होने लगी है। इस हालात में अंधेरे में मोबाइल देखना, आंख को और नुकसान पहुंचा सकता है।

### काश मेरा भी एक भाई होता

जो हरपल मेरे साथ रहता
मेरी खुशी में वो मुस्कराता
मेरे गम में मेरा साथ देता
भाई दूज पर तिलक लगाती
और साथ में प्यार और गिफ्ट भी देता
काश मेरा भी एक भाई होता।
जो मेरे उदास होने पर मुझे समझाता
मेरे गलती करने पर मुझे डांट भी देता
कभी पापा की डांट से बचा देता
तो कभी माँ की डांट में बीच मे आ जाता
काश मेरा भी एक भाई होता।
जो मेरे पर्स से चुपके से पैसे निकाल लेता
मेरे जरूरत पर मेरी मदद भी कर देता



अपने जन्मदिन पर मुझसे महंगा गिफ्ट लेता
दिवाली पर मेरी भी चॉकलेट खा जाता
काश मेरा भी एक भाई होता।
जो छोटी छोटी बातों पर मुझसे लड़ता
कभी वो मुझसे गुस्सा होता
कभी मेरे गुस्सा होने पर मुझे वो प्यार से मनाता मुझे बहुत सारा प्यार करता
काश मेरा भी एक भाई होता।

# समूह से जुड़कर मिला जिन्दगी जीने का रास्ता




**मुरैना।** स्व-सहायता समूह से जुड़कर कल्याणी श्रीमती रेखा करोरिया को जिन्दगी जीने का सफर तय करने का रास्ता मिल गया है। अब कल्याणी श्रीमती रेखा सेनेटरी नैपकिन का निर्माण करके अपनी जीवन की गृहस्थी चला रही है। अम्बाह जनपद पंचायत के ग्राम मोहननगर बड़फरा निवासी कल्याणी श्रीमती रेखा करोरिया ने बताया कि मध्यम वर्ग में जन्म होने के बाद दो भाई, चार बहनें थीं, मेरे पिता धनीराम एक साधारण किसान थे। मैंने बचपन में पढ़ाई-लिखाई की, मेरी पढ़ाई में मेरे पिता ने बहुत सहयोग एवं प्रेरणा दी। पिताजी ने मेरी शादी एक मध्यम परिवार में कर दी गई। पति भी ड्रिंक किया करते थे, इसलिये मेरे पास खर्च चलाने के लिये भी एक पैसा नहीं था। श्रीमती रेखा करोरिया ने बताया विषम परिस्थितियों में मैंने मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मार्गदर्शन में 27 दिसम्बर 2020 आर्यन आजीविका स्व-सहायता समूह का गठन किया। इसी बीच मेरे पास एक बच्चा भी हो गया था। मैं पेपर की तैयारी करने लगी, कुछ समय बाद मेरे पति की मृत्यु भी हो गई। अब मेरे सिर पर पहाड़ टूट पड़ा था। ससुराल वालों का कोई सहयोग नहीं मिल पा रहा था, केबल पिता का सहयोग ही मेरे लिये शेष रहा। उस समय मेरे पास बेटे का खर्च और मेरी पढ़ाई का खर्च मुसीबत बनने लगा। श्रीमती रेखा करोरिया ने बताया समूह में 14 महिलाओं को जोड़कर सिलाई मशीन खरीदीं, कुछ समय तक मैंने गणवेश का कार्य किया। जिससे धीरे-धीरे करके सभी महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में थोडी बहुत राशि मिलने लगी। कुछ समय बाद मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सेनेटरी नैपकिन कार्य के लिये ट्रेनिंग लेने के लिये भोपाल भेजा। प्रशिक्षण के पश्चात् मैंने असमान्यता के बारे में भी गांव-गांव जाकर सभी महिलाओं को अधिकार के बारे में जागरूक करती रही और समूह के सहयोग से नैपकिन बनाने का कार्य तेजी से चलना लगा। श्रीमती रेखा करोरिया ने बताया कि नैपकिन के कार्य से समूह को प्रतिमाह 8 से 10 हजार रूपये तक की आय होने लगी। इसी बीच ग्राम संगठन से मुझे 70 हजार रूपये की आर्थिक सहायता मिली। वह मेरे समूह को सीसीएल से 1 लाख रूपये की आर्थिक सहायता भी मिली। इस राशि से हमने सेनेटरी नैपकिन का कार्य बड़े स्तर से प्रारंभ कर दिया। अब लगभग समूह की प्रत्येक महिला को 3 से 4 हजार रूपये की आय प्राप्त हो रही है। श्रीमती रेखा करोरिया ने बताया कि समूह को एक पैकेट पर 5 से 6 रूपये तक की बचत हो रही है। समूह से जुड़ने के बाद मुझे बहुत सहायता मिली, जिससे मैं अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहीं हूं।

# पन्ना प्रमुख बनाने को लेकर भाजपा की नगर केंद्रों की बैठक संपन्न



**कैलारस।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कैलारस के तीन नगर केंद्रों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर में पन्ना प्रमुख बनाए जाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, जिसके अंतर्गत इसी हफ्ते में नगर के सभी वार्डो में पन्ना प्रमुखों की घोषणा की जाएगी। बैठक में नगर के तीनों नगर केंद्रों के पालक एवं संयोजक के अलावा मंडल अध्यक्ष महामंत्री और वार्ड प्रभारी विशेष रुप से उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित वार्ड प्रभारियों से विशेष आग्रह किया गया कि अगली बैठक में अपने-अपने से पन्ना प्रमुखों के नाम निकाल लें। नगर केंद्रों की बैठक में मंडल अध्यक्ष राजू गुप्ता, महामंत्री महेश श्रीवास्तव के अलावा तीनों केंद्रों के पालक सियाराम सिंह सिकरवार, पूरन बाथम, अशोक राणावत, महेंद्र सिकरवार, दिनेश हरदेनिया, मोहन श्रीवास, जीत प्रजापति, अजय शिवहरे, बृजेश शिवहरे, हरेंद्र सिकरवार, संजय शाक्य, रंजीत महोरिया, अतुल सिंह राठौर, दारा सिंह सोनी, दिलीप जगा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ज्ञान तीर्थ पर की सिद्धों की आराधना एवं पूजा अर्चना

**मुरैना।** श्री दिगंबर जैन ज्ञान तीर्थ क्षेत्र पर शुक्रवार को श्री सिद्धचक्र विधान मैं सिद्धों की आराधना एवं पूजा अर्चना की गई। आयोजन के क्रम में अंतिम दिन हवन किया गया और विश्व शांति की कामना की गई। यह विधान परम पूज्य सप्तम भट्टाचार्य आचार्य श्री ज्ञेय सागर जी महाराज, सत्संग बहन अनीता दीदी, मंजुला दीदी, विनोद दीदी, ललिता दीदी के नेतृत्व किया गया। आयोजन के दौरान सत्येंद्र कुमार जैन, दिनेश बरैया, प्रदीप जैन, प्रमोद जैन, सुनील जैन, सुनील जैन पुच्ची, संतोष कुमार जैन, वीरेंद्र कुमार जैन, सोनू जैन, शुभम कुमार जैन, महेश चंद जैन अध्यक्ष पल्लीवाल महासभा मुरैना आदि उपस्थित रहे।



# शिक्षकों की समस्या निराकरण के लिए आजाद अध्यापक संघ कृति संकल्पित है: संग्राम सिंह

**कैलारस।** आजाद अध्यापक संघ द्वारा 5 दिसंबर को ग्वालियर में होने वाली ओल्ड पेंशन मनोकामना यात्रा एवं शिक्षक संघ गोष्ठी के संबंध एक आवश्यक बैठक दोपहर 12 बजे श्री राम धाकड़ के निवास पर आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संग्राम सिंह तोमर जिला अध्यक्ष, लाल के मोर, संभागीय कार्यसमिति सदस्य सतीश सिंह जादौन, नरेंद्र सिंह जादौन, श्रीराम धाकड़, संभागीय सहसचिव जिला उपाध्यक्ष राजपाल सिंह धाकड, ब्लॉक अध्यक्ष रामनरेश धाकड़, राम नरेश धाकड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए आजाद अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह तोमर ने कहा कि आजाद अध्यापक संघ समस्याओं के निराकरण हेतु कृत संकल्पित है तथा आगामी 5 दिसंबर को मनोकामना यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर शिक्षक गण प्रदेश अध्यक्ष भरत पटेल एवं संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। यात्रा की तैयारियों के बारे में विस्तृत चर्चा की बैठक में प्रमुख रूप से बीएसी बासुदेव प्रसाद धाकड़, बीएसी फखरुद्दीन खान, एम एल धाकड़, विनोद सिकरवार, वीरेंद्र सिंह धाकड़, लोकेंद्र श्रीवास्तव, लाखन सिंह कुशवाह, सरदार सिंह धाकड़, नरोत्तम प्रसाद धाकड़, सत्येंद्र, बलवीर, रामअवतार धाकड़, हेमराज सिंह, विजय सिंह धाकड़, हुकुम सिंह, मनोज, श्रीमती लक्ष्मी धाकड़, श्रीमती सरोज, अशर्फी धाकड, आरएन धाकड़, अरविंद, उदल सिंह धाकड़, रामनरेश, बृजेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# शहर ब्लॉक कांग्रेस ने मनाई इंदिरा गांधी की जयंती



**मुरैना।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुरैना के अध्यक्ष विक्रम राज मुद्गल द्वारा देश की पहली महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई, जिसमें इंदिरा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इंदिरा द्वारा किए गए कार्यों से देश को नई ऊंचाइयां व तरक्की मिली। स्व. इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रदेश सचिव मनीष उपाध्याय, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री दिनेश शर्मा, यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष गोपाल दंडोतिया, शहर उपाध्यक्ष अवनीश कटारे, नागेंद्र सिकरवार, शालू सिकरवार, पिंकी सिकरवार, किशनपाल, पवन शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत 11 दिसम्बर को

**मुरैना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले में 11 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है। जिले में लंबित तथा प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किए जाने के लिए जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण परक्राम्य अधिनियम की धारा-138 के अंतर्गत प्रकरण बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण, मोटर दुर्घटना, क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही विद्युत एवं जलकर बिल संबंधी प्रकरण चोरी के मामलों को छोड़कर सेवा मामलें जो सेवा निवृत्त संबंधी लाभों से संबंधित है।

# मुरैना यूथ अकादमी ने बाल सुरक्षा सप्ताह पर आयोजित की जागरूकता गतिविधि

### बच्चों को सुरक्षित रखने का लिया गया संकल्प

**मुरैना।** अर्पण संस्था मुंबई के मार्गदर्शन में मुरैना यूथ अकादमी संस्था द्वारा 14 नवंबर से 20 नवंबर तक बाल सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिस के तहत संस्था द्वारा जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अभ्युदय आश्रम मुरैना में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था सचिव संदीप सेंगर, एवं आश्रम के अधीक्षक गिर्राज शर्मा, शिक्षक बृजेश राय, नीरज सिकरवार, राजेश नागर, राजाराम सहित आश्रम के बालक बालिकाएं उपस्थित रहे। उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए संदीप सेंगर द्वारा उनके हक, अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक किया तथा उन्होंने कहा कि बच्चों को बैहतर पोषण, स्वास्थ्य, देखभाल, शिक्षा खेल-मनोरंजन आदि उन्हें उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी हम सब की है और वह उनका हक है जो उन्हें मिलना चाहिए। इस अवसर पर बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार तथा शोषण पर भी चर्चा की गई तथा सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श पर भी विस्तार से बच्चों को समझाईश दी गई, साथ ही उनकी सुरक्षा, संरक्षण व देखभाल हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा बच्चों के लिए संचालित विभिन्न गृहों की जानकारी दी गई व उनकी सुरक्षा एवं मदद हेतु संचालित विभिन्न टोल फ्री नंबरो के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की सुरक्षा हेतु संस्था सचिव, अधीक्षक तथा उपस्थित सभी शिक्षकों द्वारा संकल्प भी लिया गया।



## पंचायत चुनाव के लिये ईव्हीएम नोडल अधिकारी होंगे विनोद दुबे

**मुरैना।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बी.कार्तिकेयन ने निर्वाचन ईव्हीएम संबंधी कार्यवाही हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री विनोद दुबे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेयन ने श्री दुबे को अपनी उपस्थिति में आगामी त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन ईव्हीएम संबंधी कार्यवाहियों के लिये तैनात किया है। श्री दुबे ईव्हीएम से संबंधित समस्त कार्यवाहियों, एफएलसी, रेण्डमाइजेशन, कमीशनिंग, मतगणना और डीएमएम सिलिंग के दौरान सतत पर्यवेक्षण का कार्य करेंगे। इनके सहयोग के लिये अधीनस्थ अधिकारी ओपी मुदगल सहायक यंत्री और आरए किरार को नियुक्त किया गया है।

# कैलारस कांग्रेस ने इंदिरा गांधी व वीरांगना लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई



**कैलारस।** स्थानीय कांग्रेसियों द्वारा देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी प्रियदर्शनी स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी एवं स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका अदा करने वाली वीरांगना लक्ष्मी बाई की जयंती कार्यक्रम स्थानीय रेलवे परिसर कैलारस पर आयोजित किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बृजमोहन मरैया द्वारा श्रीमती इंदिरा गांधी एवं वीरांगना लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में पूर्व मंडी अध्यक्ष मोहन रसोईया, डॉ धनीराम कुशवाहा, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजकुमार सिंघल, नरहरी शर्मा, जिला महामंत्री साबिर पठान, रामपाल सिंह सिकरवार, जिला किसान कांग्रेस महामंत्री अजय माहोरिया, ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष रफीक शेख, इसाक शेख, आईटी सेल के प्रदेश सचिव विवेक शर्मा, हाजी हमीदुल्लाह खान, लाला शेख, सुरेश अग्रवाल, रशीद शेख, निविया शाह, सुलेमान शाह आदि उपस्थित कांग्रेस जनों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा कार्यक्रम को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बृजमोहन मरैया एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष मोहन रसोईया द्वारा संबोधित कर इंदिरा गांधी एवं वीरांगना लक्ष्मीबाई के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला तथा उनके बताए आदर्शों पर चलने की कार्यकर्ताओं से अपील की।

# प्रधानमंत्री मोदी की तीनों कृषि कानूनों की वापसी की घोषणा

### संयुक्त किसान मोर्चा ने किसान आंदोलन की जीत बताया, मनाया जश्न

**कैलारस।** शुक्रवार की सुबह 9 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीनों कृषि विरोधी काले कानूनों की वापसी की घोषणा की गई है। इस घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी तथा वरिष्ठ किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़ ने कहा है कि गत 1 बर्ष से जारी किसान आंदोलन, जिसमें 700 किसान शहीद हो गए हैं। यह उस जुझारू और ऐतिहासिक किसान आंदोलन की जीत है। साथ ही उन्होंने कहा है कि संयुक्त किसान मोर्चा ने आह्वान किया है कि तीनों कृषि विरोधी काले कानूनों, जिसमें मंडी व्यवस्था समाप्त करने, ठेका खेती के लिए कंपनियों को अनुमति देने और कॉरपोरेट्स को खाद्यान्न के असीमित भंडारण की छूट देने के प्रावधान है। उनकी वापसी की प्रक्रिया पूरी होने तक और एमएसपी का कानून बनाए जाने तक आंदोलन जारी रहेगा। किसान नेताओं ने प्रधानमंत्री की घोषणा को ऐतिहासिक किसान आंदोलन और शहीदों की कुर्बानियों की जीत बताया है। इस मौके पर संयुक्त किसान मोर्चा और अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से पुरानी सब्जी मंडी पर, किसान आंदोलन की जीत का जश्न मनाया गया, आतिशबाजी की गई व वाद्य यंत्र बजाए गए। रैली निकालकर कृषि उपज मंडी पर भी किसान विजय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर किसानों को उक्त नेताओं के अलावा माकपा नेता महेश प्रजापति, एसएफआई के प्रांतीय सचिव राजवीर सिंह धाकड़, सिंचाई अध्यक्ष राम लखन धाकड़, आदि ने संबोधित किया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, दलित शोषण मुक्ति मंच के भीकम जाटव, किसान नेता रामदयाल सिंह धाकड़, मनोज सिंह, पूर्व पार्षद इब्राहिम शाह, बॉबी धाकड़, मुल्लाजी, मंटू सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। 26 नवंबर को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर पूरे देश में होने वाली कार्यवाईयां मुरैना जिले में भी आयोजित की जाएंगी, इसमें धरना प्रदर्शन सभा आदि कार्यक्रम शामिल होंगे।



# यादवो ने कैंडल मार्च निकालकर शहीदो को दी श्रधांजलि

**युवाओ ने की अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग**

**दबोह( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग ने अचानक एक बार फिर से जोर पकड़ लिया है।जिसके चलते नगर दबोह में बीती रात यादव समाज के युवाओं ने एकत्रित होकर कैंडल मार्च निकाला।यह कैंडल मार्च शहीदो के सम्मान मे निकाला गया।यह कैंडल मार्च वार्ड नम्बर 07 सन्तोषी माता मंदिर से नगर के हृदय स्थल झंडा चौक तक बिशाल युवाओ की रैली के साथ निकाला गया।यादव समाज के युवाओं ने शहीदो को श्रद्धांजलि देते हुए प्रेस वार्ता में अहीर रेजिमेंट बनाने की बात कही।यादव समाज( यदुवंशी )संगठन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष माधव सिंह यादव ने बताया कि 18 नवंबर 1962 को हुए भारत और चीन के बीच के युद्ध के दौरान उन 120 सैनिकों के शौर्य पराक्रम को जन-जन तक पहुंचाने व उन वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 18 नवंबर को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है।1962 भारत चीन के द्वारा लेह लद्दाख के रेजांगला चौकी पर चीन के 3 हजार से अधिक सैनिकों और भारत के 13 कुमायूं रेजीमेंट के चार्ली कंपनी के 120 सैनिकों के बीच आमने-सामने विश्व विख्यात युद्ध हुआ था।भारत की तरफ से लड़ रहे सभी 120 सिपाही यादव जाति के थे।दो रात चले युद्ध में भारत के वीर अहीरों ने चीन के 1400 से अधिक सैनिकों को मार गिराया था।चीन के बाकी बचे सैनिक जान बचाकर भाग खड़े हुए लेकिन इस युद्ध में 114 वीर भी शहीद हो गए।वहीं 5 जवानों को चीन ने अगवा कर लिया था।इसके अलावा एक जवान को वापस दूसरी पोस्ट पर सूचना भेजने के लिए भेजा गया था।जिसमें वह बच गया और उसने इस पूरी घटना की जानकारी दी।युद्ध के बाद जब इन जवानों का शव को बर्फ से निकाला गया,तो उस दौरान भी इन जवानों के हाथ में बंदूक,ग्रेनाइट सहित अन्य हथियार मौजूद थे।जो



बताता था कि किस तरह यह जवान बड़ी बहादुरी के साथ चीन के सैनिकों से लड़े और शहीद हो गए।भारत मे अहीर रेजिमेंट की मांग कोने कोने से निकल कर आ रही है।जिसके चलते इसी शौर्य दिवस की याद में नगर दबोह मे यादव समाज के सैकड़ों युवाओं ने कैडिल मार्च निकाल कर अपने देश की आन बान शान पर मिटने वाले अपने अहीर समाज के शहीद योद्धाओं को नमन किया साथ ही उन्होंने केन्द्र सरकार को भी चेताया कि वह भारत में जल्द अहीर रेजिमेंट का निर्माण कर अहीर समाज के योद्धाओं की शहादत नमन करे।इसी के साथ यादव समाज के नगर अध्यक्ष पंकज यादव ने अहीर

समाज के युवाओं में वर्तमान राजनीति करने वाले राजनेताओं पर भी रोष व्यक्त करते हुए कहा गया कि धिक्कार है ऐसे राजनेताओं पर जिन्होंने आज के दिन अहीर समाज के वीर शहीदों की शहादत को भूल कर उन्हें दिन भर में एक बार तक नमन तक नहीं किया।इस दौरान जिलाध्यक्ष माधव सिंह यादव, पंकज यादव, राहुल यादव,करू यादव,भारत यादव, प्रह्लाद यदाव, गोविंद यादव, अक्कू यादव, अस्वनी यादव, सुजान, दीपक , रंजीत, उमेश, उदयवीर, मानवेन्द्र, अतुल, गोलू, फूलसिंह, धर्मेंद्र आदि के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बुसी में प्रशासन गांवों के संग अभियान में शिविर 22 को आयोजन किया जाएगा

पुष्पांजलि टुडे नेनाराम सिरवी

**रानी पाली।** निकटवर्ती रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुसी में आगामी 22 नवंबर 2021 को राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन गांवों के संग अभियान में शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रशासन गांवों के संग शिविर में पूर्व तैयारी में नायब तहसीलदार फुला राम मीणा के अध्यक्षता में लगने वाले प्रशासन गांवों के संग शिविर की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई।जिसमें ग्रामीणों को आपसी सहमति से बंटवारे आवासीय पट्टे जारी करने शुद्धीकरण व अन्य सरकारी योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उपसरपंच प्रमिला परमार ने बताया कि प्रशासन गांव के संग में 21 विभाग के अधिकारी कार्मिक मौजूद रहेंगे और लोगो की मौके पर ही जन समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासन गांवों के संग शिविर रानी उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह के अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा जिसमें रानी पंचायत समिति विकास अधिकारी तहसीलदार अतिरिक्त विकास अधिकारी सरपंच शिमला चौधरी मौजूद रहेंगे।



## वन-टू-वन

### युवा कांग्रेस ने किया फल वितरण



**पुष्पांजलि न्यूज़ टुडे विवेक सेन पत्रकार,,,,,, इंदरगढ़ से**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी के जन्म दिवस के अवसर पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इंदरगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंदरगढ़ पर पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किया और माननीय कमलनाथ जी के स्वास्थ्य लाभ की कामना की. . इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्री रामकिंकर सिंह गुर्जर , प्रान्जुल सिंह सोनू चौहान प्रदेश महासचिव किसान कांग्रेस, प्रवेन्द्र गुर्जर विधानसभा अध्यक्ष, शिरोमणि सिंह सोलंकी,सजय राणा,सचिन गुर्जर अमित नागर जय सिंह गुर्जर राजू इटोरिया बृजेंद्र जाटव विष्णु पचौरी ध्रुव जाट आदि कांग्रेस कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### शहर कांग्रेस ने मनाई प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड(ब्यूरो)।** शहर कांग्रेस भिंड ने आज भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई इस अवसर पर उन्होंने कहा भारत का पहला परमाणु विस्फोट कराने वाली नेता प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी थी उन्होंने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया भारत पाकिस्तान युद्ध में बंटवारा कर के नए देश बांग्लादेश का गठन करवा दिया था इस अवसर पर रेखा भदौरिया संतोष त्रिपाठी संदीप मिश्रा अशोक गुप्ता बलराम जाटव कमलेश जाटव हिम्मत सिंह हरिऔध, एवरन सिंह बघेल राहुल कुशवाह रीना चौहान नीलम भदोरिया मनोज जैन मामा मोहर सिंह जाटव आशीष भारद्वाज अनिरुद्ध कुमार त्रिपाठी सूरज पाल सिंह राजावत संजय यादव ब्रजेशजैन राजूबौहरे, गोपाल मिश्रा पिंटू शर्मा आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

### रानी लक्ष्मीबाई जी की मनाई गई 193 जयंती

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर 9691338626**

**पिछोर,** तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लभेंडा में महारानी लक्ष्मी बाई के 193 वे जन्मदिवस पर दीप प्रजवलित एवं माल्यार्पण कर मनाई गई बड़े हर्षोल्लास के साथ रानी लक्ष्मी बाई की जयंती



जिसमें समस्त बस्ती एकाग्रत होकर महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ आज पंचायत भवन लभेंढा पर समस्त नगरवासी एक होकर महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती मनाई गई जिसमे रानी लक्ष्मी बाई की जानकारी समस्त ग्रामीण जनों को दी गई जिसमें लक्ष्मी बाई की वीरता पर विशेष चर्चा पंचायत सरपंच द्वारा ग्रामीण जनों को दी गई श्री ठाकुर दास लोधी ने ग्रामीण जनों को रानी लक्ष्मी बाई के संदर्भ में वीरगाथा का गुणगान किया और लोगों को जानकारी दी जन्म दिवस के उपलक्ष में महारानी लक्ष्मी बाई के समस्त पंचगन इस तरह से इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सरपंच ठाकुर दास लोधी सचिन पाल लोधी सुरेंद्र पाल विजय पट्सारिया उप सचिव शैलेंद्र लोधी सोनू रजक व पंचायत के समस्त ग्रामवासी मुख्य रूप से उपस्थित रहे

## क्षेत्र के विधायक के पी सिंह कक्काजू ने जनसंपर्क के दौरान लोगों की सुनी समस्याएं

**पीटीवी न्यूज़ पिछोर से राकेश परिहार की रिपोर्ट ,9691338626**

**पिछोर,** क्षेत्र के विधायक के पी सिंह कक्काजू का दौड़ा ग्रामीण अंचल में चल रहा है हर पंचायत में पिछोर विधायक के पी सिंह कक्काजू का दौरा दिन प्रतिदिन चल रहा है जिसमें लोगों की समस्याओं को सुना जा रहा है जनसंपर्क हर पंचायत में क्षेत्रीय विधायक के पी सिंह कक्काजू कर रहे हैं जिसमें ग्रामीण अंचल में लोगों से जनसंपर्क किया जा रहा है और क्षेत्रीय विधायक द्वारा लोगों की समस्याओं का भी निदान किया जा रहा है हर पंचायत में जाकर लोगों से जन संपर्क करके उनकी समस्याओं को विधि पूर्वक सुना जा रहा है और तुरंत मौके पर उन समस्याओं का समाधान किया जा रहा है एक जुझारू ईमानदार सच्चे क्षेत्रीय विधायक जनता के दिलों में 35 वर्ष से अपनी जगह बनाए हुए हैं उनके द्वारा हर समय हर घड़ी लोगों की सहायता और उनकी समस्याओं का जायजा हरदम क्षेत्रीय विधायक के पी सिंह कक्काजू देते रहते हैं इसलिए जनता क्षेत्रीय विधायक के पी सिंह कक्काजू को अपने दिलों में संजोए हुए है एक अनुभवी क्षेत्रीय विधायक के पी सिंह कक्काजू जोकि सात वार पिछोर विधानसभा क्षेत्र से भारी बहुमत से विजय हुए हैं और उनका एक व्यवहार



लोगों के बीच में हमेशा ही रहता है क्षेत्रीय विधायक कांग्रेश 7 साल से सीट पर अपनी पकड़ बनाए हुए हैं क्षेत्रीय विधायक के पी सिंह कक्काजू द्वारा लोगों की हर समस्या का निदान किया जाता है एक महान क्षेत्र के विधायक जी द्वारा आज पिछोर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बीरपुर में जनसंपर्क किया जिसमें लोगों की समस्याओं का निदान किया गया और उनकी समस्याएं सुनी क्षेत्रीय विधायक जो कि 7 बार पिछोर विधानसभा सीट से अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं

## वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर दी श्रंद्धाजलिः हेमंत यादव



**जयंती के अवसर पर दी श्रद्धांजलि**

**शिवपुरी----** आज नवाब साहव रोड पर 1857 की क्रांति की वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए इस अवसर पर अपने-अपने विचार रखे गए जिसमें पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत ने कहा कि देश को आजाद कराने के लिए 1857 में ऐतिहासिक क्रांति हुई थी जिसमें वीरांगना लक्ष्मीबाई का अतुल्य योगदान रहा जिन्होंने अंग्रेजों को नाकों चने चबा दिए और जब तक जीवित रही झांसी पर अंग्रेजों की हुकूमत कायम नहीं होने दी लेकिन कुछ कारणवश वीरांगना अंग्रेजों से लड़ते लड़ते बलिदान हो गई यदि उस समय इस लड़ाई को और सहयोग मिल जाता देश उसी समय आजाद हो जाता ऐसी वीरांगना को भुलाया नहीं जा सकतासंघ के हेमंत यादव बड़ौदी द्वारा कहा गया की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के बहुमूल्य योगदान को भारत के इतिहास में कभी भुलाया नहीं जा सकता यह हमें एक प्रेरणा देता है कि हम चाहे अकेले ही क्यों ना हो लेकिन राष्ट्र हित के लिए हम एक मिसाल कायम कर सकते हैं आज वीरांगना लक्ष्मीबाई की जयंती को बड़े बड़े स्तर पर मनाया जाना चाहिए लेकिन राजनैतिक कारणों से हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी रहे योद्धाओं का स्मरण बड़े धूमधाम से नहीं कराया जाता हमें अपनी आने वाली युवा पीढ़ी को बताना होगा कि आजादी हमें कैसे मिली।



## जन जागरण के माध्यम से भाजपा के जनविरोधी नीतियां हुई उजागर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**मौ(भिण्ड)।** आज मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर भिंड जिला कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा के निर्देशन पर जनजागरण यात्रा गोहद विधानसभा के प्रभारी राजीव कौशिक के नेतृत्व में सह प्रभारी रणवीर सिंह एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अध्यक्षता में ग्राम ज्मादारा सोरा, मिश्री पुरा रमतला का पुरा में जन जागरण यात्रा का तीसरे चरण के कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों को आम जनता को अवगत कराया ।प्रभारी राजीव कौशिक ने खाद का संकट, बीज का संकट एवं डीजल और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों को लेकर जनता का ध्यान आकर्षित किया। और कहां भाजपा ने महंगाई की मार देकर आमजन की कमर तोड़ दी है और कहां देश में महंगाई कम करने के लिए भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकना ही विकल्प है।

## चंबल में शादी के लिए अपहरण की कहानी



डकैत गुड्?डा गुर्जर 8 लोगों संग आया, हाथ बांधकर ले गया, रात में फायरिंग के बाद मैं भागा* मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे चंबल से डकैतों के सफाए के बाद अब फिर कुछ गिरोह सिर उठाने लगे हैं इन दिनों 70 हजार के इनामी डकैत ने गुड्?डा गुर्जर इन दिनों चर्चा में है। गुड्?डा ने 20 साल की युवती से शादी करने के लिए उसके चाचा पंजाब सिंह तोमर का 17 नवंबर को अपहरण कर लिया था। दो दिन बाद पंजाब सिंह जैसे-तैसे गुड्?डा के चंगुल से छूट आया है। उसने शुक्रवार सुबह पहाड़गढ़ थाने पहुंचकर पुलिस को आपबीती बताई। उसने बताया कि गुड्?डा गुर्जर बड़े भाई मेहताब सिंह पर बेटी से शादी के लिए दबाव बना रहा है अपहरण के बाद से वह दहशत में



है 17 नवंबर को मैं खेत पर था इसी दौरान गुड्?डा गुर्जर आया साथ में 8 लोग थे सभी के कंधे पर बंदूक लटकी थी। एक ने मेरी कनपटी पर भी बंदूक तान दी। बिना कुछ कहे मेरे दोनों हाथ बांध दिए मारपीट भी की फिर गुड्?डा ने कहा कि तुम्हारे बड़े भाई मेहताब सिंह की 30 साल की बेटी से वह शादी करना चाहता है उसे राजी कर ले मैंने मना कर दिया। इसके बाद वह मारपीट करते हुए जंगल में ले गया यह तो नहीं पता कि कहां के जंगल थे पैदल भी चले। मैं बहुत घबरा गया फिर भी हिम्मत नहीं हारी एक रात और दूसरा दिन जैसे-तैसे बीत गया दूसरे दिन यानि 18 नवंबर की रात सभी सोने गए। दो डकैत मेरे पास ही बंदूक ताने खड़े थे जंगल में अचानक ताबड़तोड़ गोलियों की आवाज सुनाई देने लगी ऐसा लगा कि किसी ने गुड्?डा गुर्जर की गैंग पर हमला बोल दिया गुड्?डा गुर्जर के लोगों ने भी फायरिंग की। काफी देर तक फायरिंग के बाद आखिरकार गुड्?डा अपने साथियों के साथ जंगल में भाग निकला मैं वहीं पड़ा रह गया। जैसे-तैसे मैंने अपने हाथ खोले और फिर जंगल में पैदल चला सुबह थाने पर आ गया *सर्चिंग कर रही पुलिस* पंजाब सिंह के



छूटने के बाद पुलिस ने जंगल में सर्चिंग शुरू कर दी दिन भर पुलिस जंगलों की खाक छान रही है। बता दें कि 50 साल के गुड्?डा गुर्जर पर हत्या, लूट व अपहरण सहित करीब तीन दर्जन मामले दर्ज हैं इसकी न केवल मुरैना बल्कि धौलपुर (राजस्थान), भिण्ड, ग्वालियर और शिवपुरी पुलिस को तलाश है उसने खो गांव रहने वाले मेहताब सिंह गुर्जर पर दबाव बनाया कि वह अपनी बेटी की शादी उससे कर दे। इस पर मेहताब सिंह ने इंकार कर दिया इस पर गुड्?डा गुर्जर ने मेहताब के भाई पंजाब सिंह गुर्जर का अपहरण कर लिया मेहताब सिंह ने एसपी ऑफिस पहुंचकर भाई को छुड़ाने और बेटी को बचाने की गुहार लगाई थी। इससे पहले उसने पहाड़गढ़ थाने में भी रिपोर्ट दर्ज करवाई है

## नेक नियत की कमी है आज पहरेदार में,आदतन अपराधियो की भीड़ है सरकार में

**दबोह में आयोजित हुआ कवि सम्मेलन**

**दबोह( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

दबोह नगर में श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ के पुनीत अवसर पर 18 नवम्बर 2021 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी कथा परीक्षित श्रीमती सुमन डॉ हरनारायण पाराशर द्वारा आयोजित कराया गया।जिसमे राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित ग़ज़लकार तथा व्यंग्यकार डॉ सुनील त्रिपाठी निराला तथा अन्य राज्यो के कवियों ने हिस्सा लिया।सबसे पहले श्रीमती सुमन मिश्रा ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया साथ गीतों की रसवर्षा की।तो वही उरई के वीरेंद्र तिवारी ने वीररस से ओतप्रोत अपनी कबिता वर्षा की जिस पर दर्शकों ने जमकर ताली ठोकी।कबि सम्मेलन में टूंडला के राम राहुल ने हास्य से भरी कविताएं सुनाकर श्रोताओं को खूब गुदगुदाया।इसके बाद माहौल को गीतों की तरफ ले जाकर आगरा के



प्रसिद्ध गीतकार डॉ.अंगद धारिया ने शानदार गीतों का रस बर्षाया।वहीं रोला और दोहा लेखन में अपनी पहचान कायम कर चुके लहार के जितेंद्र त्रिपाठी अमित ने आज की परिस्थितियों पर दोहा गा कर दर्शकों को बांधे रखा।यूपी झांसी के व्यंग्यकार हरनाथ सिंह चौहान ने अपने चुटीले अंदाज़ में रचनाओं को सुनाया जिसे सुनकर श्रोता लोटपोट होते दिखे



भिंड से आये युवा ओजस्वी कवि आशुतोष शर्मा नंदू भैया ने अपने काव्यपाठ से राष्ट्रवाद के स्वर को गुंजायमान किया।मंच का बेहतरीन संचालन कर रहे डॉ.सुनील त्रिपाठी निराला की धारदार ग़ज़लों का तेवर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर गया।एक बानगी देखें,%नेकनीयत की कमी है, आज पहरेदार में।आदतन अपराधियों की, भीड़




है सरकार में।तो उन्होंने अपनी प्रसिद्ध कविता %बारे दद्दा बारे दद्दा,वाह वाह रे दद्दा।फ़टी फटाई दरी कल तक और आज गद्दा% सुनाई तो पंडाल तालियों से गूंज उठा।कार्यक्रम के अंत में डॉ.हरनारायण पारासर, समाजसेवी राजेंद्र खेमरिया एवं एलआईसी अभिकर्त्ता कृष्णदत्त मिश्रा( छोटे )के द्वारा कवियों को शॉल, श्रीफल और परिश्रम निधि भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अबसर पर नगर के गणमान्य नागरिक,वृद्धजन व युवा मौजूद रहे।

जबलपुर हाईकोर्ट का आदेश

# शिक्षक भर्ती में 14 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होगा ओबीसी आरक्षण

**जबलपुर।** जबलपुर हाई कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार के लिए बेचैनी बढ़ाने वाला आदेश दिया है. हाईकोर्ट की डबल बेंच ने अपने आदेश में कहा है कि प्रदेश में शिक्षक भर्ती में 14प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण नहीं होगा। 14 फीसदी ओबीसी आरक्षण ही जारी रखा जाए। इससे ज्यादा आरक्षण की इजाजत नहीं दी जा सकती.



राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग ने हाई स्कूल टीचर्स की भर्ती में ओबीसी को 27प्रतिशत आरक्षण देने के खिलाफ जबलपुर हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है. इसी याचिका पर चीफ जस्टिस रवि मलिमथ और जस्टिस विजय कुमार शुक्ला की बेंच ने ये आदेश सुनाया. बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा 14प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण की अनुमति नहीं दी जा सकती. डबल बेंच ने अपने आदेश में 14 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण ही जारी रखने के निर्देश जारी किए हैं. हाई कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को नोटिस जारी कर 6 दिसंबर को अगली सुनवाई के निर्देश दिए हैं।

### 27 फीसदी की इजाजत नहीं

राज्य सरकार ने इससे पहले 27प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर लगी रोक हटाने के लिए आवेदन किया था. लेकिन हाईकोर्ट ने सरकार के आवेदन को खारिज करते हुए इस संबंध में दायर सभी याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई के निर्देश दिए थे. प्रबल प्रताप सिंह और अन्य 11 की तरफ से दायर अवमानना याचिका में कहा गया है कि पूर्व में जबलपुर हाईकोर्ट ने आधा दर्जन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश में 27प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने पर रोक लगा दी थी. हाईकोर्ट ने रोक हटाने के राज्य सरकार के आवेदन को भी खारिज करते हुए सभी लंबित याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई के निर्देश दिए थे. इसके बावजूद प्रदेश सरकार ने उच्च माध्यमिक शिक्षक पद के चयन में ओबीसी के लिए 27प्रतिशत और ईओडब्ल्यू के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया।

### तो 73 फीसदी आरक्षण हो जाएगा

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता राजस्थान निवासी प्रबल प्रताप सिंह के वकील आदित्य संघी ने कहा मध्यप्रदेश सरकार की ओर से स्कूल शिक्षकों की भर्ती में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत और ईडब्ल्यूएस को10प्रतिशत आरक्षण लागू करने के कारण कुल आरक्षण 73प्रतिशत हो जाएगा। इंदिरा साहनी केस और मराठा आरक्षण संबंधित याचिकाओं में सर्वोच्च न्यायालय का स्पष्ट आदेश है कि आरक्षण 50प्रतिशत से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इसके अलावा जातिगत आरक्षण दिए जाने का भी कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है।

# खौड मे मेघवाल समाज ने संतों का पुष्प वर्षा से किया स्वागत



**खौड मे आध्यात्मिक सत्संग आयोजित**

**गुरु बिना भवसागर पार नहीं होता – पुरण महाराज**

**पुष्पांजलि टुडे।** नेनाराम सिरवी रानी पाली खौड गांव मे मेघवाल समाज द्वारा आध्यात्मिक सत्संग के आयोजन को लेकर मुख्य बस स्टैंड पर संतों का बधावना गाजे - बाजे के संग पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर आचार्य पुरण स्वरूप महाराज झाडोली बीकानेर, बाल योगी संतोष महाराज देवाशीष आश्रम भगोड़ा जोजावर, जसवंत स्वरूप महाराज चांचौडी, वनाराम महाराज आबूरोड, रुपाराम महाराज गुडा भीमसिंह, पका महाराज नाडोल, तुलसाराम महाराज डुठारिया, मालाराम महाराज गुड़ा लास, तोलाराम महाराज आबूरोड का सभी भक्तों ने स्वागत कर आशीर्वाद लिया। सत्संग मे पुरण स्वरूप महाराज ने कहा कि गुरु पूर्ण रूप से बनाना चाहिए क्योंकि गुरु के बिना भवसागर पार नहीं होता है तथा गुरु बिना ज्ञान अधूरा है। बाल योगी संतोष महाराज ने व्यसन मुक्ति पर बल देते हुए कहां की धरती पर महापुरुषों के अवतार हुए जिससे इस संसार का कल्याण हुआ है, सत्संग में जाकर मन को शुद्धिकरण करना जरूरी है। इसी के साथ सत्संग में सतगुरु की महिमा का गुणगान किया। वहीं रात्रि में विशाल सत्संग के आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया।

इस मौके पर लुंबाराम मेघवाल, भलाराम मेघवाल खौड, असाराम, खीमाराम, भंवरलाल, घिसाराम ,फुआराम,रुपाराम, नेनाराम, व्याख्याता मांगीलाल, ओपाराम मेघवाल, मगनाराम, जसाराम मेघवाल, मांगीलाल कारीगर, टिआर पुच्छल सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु मौजूद रहे।

### गुना और श्योपुर जिले में बनेंगे 23,928 प्रधानमंत्री आवास

**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा है कि प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना में अगले साल तक सभी को पक्का आवास उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। केंद्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में प्रदेश के गुना और श्योपुर जिले के 23 हजार 928 सहरिया हितग्राहियों के लिए आवास स्वीकृत किए गए हैं। श्योपुर जिले में 19 हजार 166 और गुना जिले में 4762 आवासों का निर्माण किया जाएगा।

## मत्स्य पालन, उत्पादन एवं संवर्धन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए बालाघाट जिला पुरस्कार हेतु चयनित

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

संपूर्ण भारत वर्ष में मत्स्य पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने, मत्स्य उत्पादन के क्षेत्रफल में वृद्धि करने एवं मत्स्य पालन के लिए मछुआरों को बेहतर सुविधाएं सुलभ कराने में उत्कृष्ट कार्य के लिए बालाघाट जिले का चयन किया गया है। इसके लिए बालाघाट जिले को 21 नवंबर 2021 को विश्व मछुआ दिवस पर ओडिशा राज्य की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार राशि एवं सम्मान प्राप्त करने के लिए संचालक मत्स्य उद्योग मध्यप्रदेश शासन भरत सिंह एवं उप संचालक मत्स्य उद्योग श्रीमती शशि प्रकाश धुर्वे भुवनेश्वर के लिए रवाना हो रही हैं। विश्व मछुआ दिवस पर इस वर्ष यह कार्यक्रम भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। संपूर्ण भारत में इस वर्ष




एकमात्र बालाघाट जिले का चयन किया गया है । इस पुरस्कार एवं सम्मान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बालाघाट जिले के मत्स्य पालक अनीस सिलगर भी भुवनेश्वर जा रहे हैं। देश के लगभग 625 जिलों में मत्स्य पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए चयनित होकर बालाघाट जिले ने मध्य प्रदेश का भी गौरव बढ़ाया है।

सोनोग्राफी कराने वालों को जांच के लिए कहा गया

# कोरोना संक्रमित डॉक्टर से 150 से ज्यादा गर्भवतियों ने कराई सोनोग्राफी, मचा हड़कंप

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कोरोना एक बार फिर बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है. प्रदेश में 7 नए मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग चिंता में पड़ गया है. राजधानी भोपाल और आर्थिक राजधानी इंदौर में 2 नए पॉजिटिव मरीज मिले हैं. जबलपुर, होशंगाबाद और ग्वालियर में 1-1 पॉजिटिव मरीज मिला है. पिछले कुछ दिनों में भोपाल में सबसे ज्यादा 16 पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं. यहां के जेपी अस्पताल के एक डॉक्टर और उनकी पत्नी की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है. ये रिपोर्ट आने के बाद हड़कंप मच गय और जेपी अस्पताल प्रबंधन 11 नवंबर से 13 नवंबर के बीच सोनोग्राफी कराने आई 150 से ज्यादा गर्भवती महिलाओं को कोरोना की जांच कराने के लिए कहा है. सोनोग्राफी करने वाली जगह को फिलहाल सील कर दिया गया है. उसके लिए अलग व्यवस्था की गई है।

जानकारी के मुताबिक, डॉक्टर की तबीयत खराब है, लेकिन उन्होंने अस्पताल आना बंद नहीं किया. वे 13 नवंबर को भी हॉस्पिटल आए और उसके बाद जांच कराई. 15 नंवबर को उनकी रिपोर्ट सामने आ गई. डॉक्टर और उनकी पत्नी को ढ्ढष्ठस्र में भर्ती किया गया है. दोनों को वैक्सीन के दोनों डोज फरवरी में लग चुके हैं।

डॉक्टर की हालत ठीक है, लेकिन पत्नी की हालत फिलहाल चिंताजनक बताई जा रही है. गौरतलब है कि 8 जिलों में पिछले कुछ दिनों में कोरोना के 37 नए केस मिले हैं. इनमें सबसे ज्यादा भोपाल में 16, इंदौर में 9, जबलपुर में 5, राजगढ़ में 3 और रायसेन, श्योपुर, होशंगाबाद और ग्वालियर में 1-1 नया केस मिला है. इंदौर में 15 नवंबर को 1 मौत होने की भी खबर है. प्रदेश में अब तक 7 लाख 92 हजार 984 लोग पॉजिटिव हो चुके हैं. इनमें से 7 लाख 82 हजार 380 ठीक हो गए. कोरोना के कारण 10 हजार 525 लोगों की मौत हो चुकी है. अभी प्रदेश में 79 एक्टिव केस हैं. प्रदेश में रिकवरी रेट 98त्न से ज्यादा है।



### ऑनलाइन ड्रग पैडलिंग मामले में अमेजन ने सहयोग नहीं किया तो होगी कार्रवाई: मिश्रा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार अब अमेजन और ऑनलाइन शॉपिंग करने वाली कंपनियों पर नकेल कसने की तैयारी में है. प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा ऑनलाइन बिजनेस करने वाली कंपनियों के लिए पॉलिसी बनायी जाएगी। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा प्रदेश में बीते दिनों ऑनलाइन होम डिलीवरी गांजा सप्लाई होने की जानकारी सामने आई थी. कार्रवाई में बड़ी मात्रा में गांजा पकड़ा गया है. 3 लोगों को हिरासत में लिया गया है. ऑनलाइन कंपनी अमेजन के कर्ताधर्ताओं को नोटिस भेजा गया है. ऑनलाइन कंपनियों से गांजा की होम डिलीवरी के मामले पर जवाब मांगा गया है. यदि ऑनलाइन कंपनियां सहयोग नहीं करती हैं तो उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा. सरकार अपने स्तर पर कानूनी कार्रवाई करेगी।

## अयोध्या में पूजित रामलला, मिट्टी कलश व चरण पादुकाएं पहुंची इन्दौर

**अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्विघ्न निर्माण संकल्प को लेकर जन कल्याण महोत्सव आज से राष्ट्रसंत डॉ. वसंत विजय के पावन सान्निध्य में भैरवाष्टमी पर नौ दिवसीय आयोजन**

**भैरवजी की 31 फीट की भैरव प्रतिमा का अनावरण**



**इन्दौर।** शहर के रेसकोर्स रोड़ स्थित बास्केटबॉल स्टेडियम में आजादी की 75 वीं वर्षगांठ भैरव अष्टमी के पावन प्रसंग पर अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर के निर्विघ्न निर्माण संकल्प को लेकर 9 दिवसीय जन कल्याण महोत्सव 19 नवम्बर से 27 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। मां पद्मावती के परम उपासक, राष्ट्रसंत, भैरवदेव के सिद्धसाधक कृष्णगिरी शक्तिपीठाधिपति पूज्य गुरुदेव डॉ. वसंतविजय म.सा. के पावन सान्निध्य में हो रहे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजक श्री कृष्णगिरी पार्श्व पद्मावती शक्तिपीठ सेवा मंडल शाखा इन्दौर के अध्यक्ष अभय बागरेचा ने बताया कि अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर की 75 फीट ऊंची, 100 फीट लम्बी, 60 फीट चौड़ी हुबहू गगनचुम्बी प्रतिकृति बनायी गयी है, जिसका लोकार्पण 21 नवम्बर, रविवार सांय 7 बजे किया जाएगा। इस प्रतिकृति के लिए अयोध्या में पूजित रामलला, चरण पादुकाएं, अयोध्या की मिट्टी कलश इन्दौर पहुंच गये है। कार्यक्रम में जनकल्याण महोत्सव के शुभारम्भ पर 19 नवम्बर, शुक्रवार को बॉस्केटबॉल स्टेडियम में 31 फीट की भैरव प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय ड्रमर शिवमणी अपनी विशेष प्रस्तुतियां देंगे।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्विघ्न निर्माण संकल्प को लेकर भैरवाष्टमी पर्व पर 9 दिनों तक जन कल्याण महोत्सव 19 से 27 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। भारतवासी भी जो यहां नहीं पहुंच पाएं वे भी दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पूज्य गुरुदेव के अधिकृत यूट्यूब चैनल थॉटयोगा से जुड़कर महामांगलिक श्रवण कर सकते हैं।



## योजनाओं के क्रियान्वयन में ढिलाई बर्दाश्त नहीं:कुशवाह

**भोपाल।** उद्यानिकी विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन मे ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। संभाग और जिला स्तर के अधिकारी योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य को तय समय-सीमा में प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने मंत्रालय में विभागीय समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिये।

राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि सभी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाकर वार्षिक लक्ष्य को वित्तीय वर्ष में ही प्राप्त किया जाए।

उन्होंने कहा कि हितग्राही मूलक योजनाओं में हितग्राही को लाभ देकर उसका पर्यवेक्षण भी करें। हितग्राही से निरंतर सम्पर्क कर उसे तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जाए।

बैठक में प्रमुख सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव और अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### मुख्यमंत्री चौहान से संस्कृति मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर ने की भेंट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को आज संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने मधुबनी चित्रकला का एक अद्भुत नमूना भेंट किया। इस विशाल चित्र में चित्रकार देवेश ठाकुर ने संपूर्ण हनुमान चालीसा चित्रित की है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चित्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे इसे मुख्यमंत्री निवास में सज्जित कर हर्षित हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि वे आगामी 4 दिसंबर को टंट्या मामा को आदरांजलि देने पातालपानी जाएंगे। संस्कृति मंत्री सुश्री ठाकुर ने मुख्यमंत्री श्री चौहान की पहल का स्वागत किया। संस्कृति मंत्री ने बताया कि पातालपानी क्षेत्र में जनजातीय संग्रहालय के विकास और टंट्या भील जी की प्रतिमा की स्थापना की पहल की गई है।

सेफ टूरिज्म के लिए 10 हजार महिलाओं को रोजगार मिलेगा

# मप्र में टूरिस्ट स्पॉट की कमान महिलाओं के हाथ

### 4 हजार को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों पर तिलक और फूल माला पहनने से लेकर ऑटो, टैक्सी और गाइड की भूमिका में अब सिर्फ महिलाएं ही नजर आएंगी। मध्यप्रदेश को महिला पर्यटकों की सुरक्षा को विशेष ध्यान में रखते हुए एमपी टूरिज्म विभाग करीब 10 हजार स्थानीय महिलाओं को रोजगार के अवसर देने जा रहा है। गुरुवार को भोपाल के मिंटो हाल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यटन विभाग ने टूरिज्म बोर्ड, पुलिस विभाग और परियोजना की तकनीकी सहायक संस्था यूएन वूमेन के साथ एमओयू भी किया गया। इसके तहत 4 हजार महिलाओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी जाएगी।

पर्यटन, संस्कृति और आध्यात्म मंत्री उषा ठाकुर ने कहा कि महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन विकास करने का नवाचार महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त करेगा। उन्होंने कहा दिल खोल के घूमो, हिंदुस्तान के दिल में। आप सेफ हैं। इसी टैगलाइन वाले लोगो में ऑरेंज रंग महिला सशक्तीकरण के प्रतीक रूप में योजना का शुभारंभ किया।

**20 संकुल में 50 पर्यटन स्थल:** इस परियोजना का मूलभूत उद्देश्य पर्यटन स्थलों पर स्थानीय समुदाय और महिलाओं की भागीदारी से पर्यटन स्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित व अनुकूल बनाना है। इस परियोजना में राज्य के 20 संकुलों के अंतर्गत 50 पर्यटन स्थलों में परियोजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। इसमें चंबल, पचमढ़ी, शहडोल, खजुराहो, चंदेरी, दतिया, सांची, उज्जैन बुरहानपुर आदि पर्यटन स्थल और जिले शामिल हैं। परियोजना में टूरिज्म बोर्ड, महिला एवं बाल विकास, गृह विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, परिवहन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास विभाग और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास विभाग के प्रयासों से सुरक्षित पर्यटन स्थल विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

### 50 पर्यटन स्थलों पर आत्मरक्षा की ट्रेनिंग

प्रमुख सचिव पर्यटन और प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल विकसित करना अपने आप में अनूठी परियोजना है। मध्यप्रदेश इसके क्रियान्वयन में अग्रणी भूमिका निभाएगा। यह समाज के लिए आवश्यक परियोजना है। पर्यटन के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में अधिक से अधिक महिला कर्मचारी रखे जाएंगे। विकसित किए जा रहे 50 पर्यटन स्थलों पर करीब 4 हजार महिलाओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

### आधारभूत संरचनात्मक ढांचे की जरूरत

इस दौरान यूएन वूमेन की भारत की प्रतिनिधि सुजेन जेन फर्गुसन ने कहा कि महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाने के लिए एक ओर जहां हमें सामाजिक संवेदनशीलता और नीतिगत निर्णयों के लिए पैरवी करना होगा, वहीं आधारभूत संरचनात्मक ढांचे को भी बेहतर बनाना होगा। इस परियोजना में ये दोनों ही कार्य मप्र शासन कर रहा है। इस परियोजना की संकल्पना को शुरुआत में ही वर्ल्ड ट्रेवल मार्ट, लंदन द्वारा पुरस्कृत कर विश्वव्यापी पहचान मिल चुकी है। इस अवसर पर यूएन वूमेन की जेंडर रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस टीम लीडर अंजू दुबे पांडेय विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण ) अरुणा मोहन राव समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महिला ने पायल गिरवी रखकर पुलिस को दी रिश्वत

### जयसिंहनगर थाना टीआई अटैच, एएसआई सस्पेंड

**भोपाल।** जिले के शहडोल जयसिंहनगर थाना में एक महिला ने पुलिस को अपनी पायल गिरवी रखकर रिश्वत दी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी अवधेश गोस्वामी ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए जयसिंहनगर थाना प्रभारी नरबद सिंह धुर्वे को लाइन अटैच कर दिया है और एएसआई गुलाब सिंह को निलंबित किया है। जयसिंहनगर थाना अंतर्गत करकी गांव में रहने वाली मीरा बाई कोल ने अगस्त 2021 में गांव के ही एक यादव के ऊपर मारपीट का आरोप लगाते हुए प्रकरण दर्ज करवाया। जब उसने मारपीट की शिकायत की तो उसने पुलिस को अपना नाम मीरा बाई बैगा बताया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध एसटीएससी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। जांच के दौरान जब जयसिंहनगर पुलिस ने फरियादी महिला मीरा बाई से उसका जाति प्रमाण पत्र मांगा तो उसने कोल जाति का प्रमाण पत्र दिया। पुलिस ने इसमें आपत्ति जाहिर की और कहा कि जब तुमने बैगा लिखवाया है तो बैगा जाति का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके बाद महिला ने पुलिस के माध्यम से एसडीएम कोर्ट में बैगा जाति का प्रमाण बनवाने का आवेदन दिया था।

### पुलिस को चाहिए था पिता का प्रमाण पत्र

एसटीएससी के प्रकरण में जाति को साबित करने के लिए पुलिस फरियादिया के पिता का जाति प्रमाण पत्र देखती है, जबकि फरियादिया मीरा बाई का जाति प्रमाण पत्र कोल जाति का बना था और पति के नाम के आधार पर बना था। जब उसने बैगा जाति का प्रमाण पत्र बनाने का आवेदन एसडीएम कोर्ट में दिया तो न्यायालय ने उसे निरस्त कर दिया। यह प्रकरण तभी से जाति प्रमाण पत्र के कारण अधर में लटका हुआ था।

### महिला ने सीएम हेल्पलाइन में की थी शिकायत

पुलिस ने बताया कि करकी गांव की मीरा बाई ने जाति प्रमाण पत्र नहीं बनवाने की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी की थी। उसने एक से ज्यादा बार शिकायत सीएम हेल्पलाइन में करते हुए जाति प्रमाण पत्र बनवाने और मारपीट के प्रकरण में धारा बढ़वाने की शिकायत की थी। जयसिंहनगर पुलिस महिला के ऊपर शिकायत वापस लेने का भी दबाव बना रही थी।

### पायल गिरवी रखकर पुलिस को दी गई रिश्वत

पीड़ित महिला ने बताया कि जब पुलिस के अधिकारी उससे बार-बार रुपये मांगने लगे तो उसने अपनी पायल गिरवी रखकर जांच अधिकारी को पांच हजार रुपये बतौर रिश्वत दी। महिला का आरोप है कि इसके बाद भी उसका जाति प्रमाण पत्र नहीं बनवाया गया और आरोपित के विरुद्ध धाराएं नहीं बढ़ाई गईं। पांच हजार की रिश्वत लेने के बाद पुलिस के अधिकारी उससे 10 हजार रिश्वत की मांग और कर रहे थे। परेशान होकर महिला ने मामले की शिकायत कर दी जिसके बाद एसपी ने कार्रवाई करते हुए जांच शुरू करा दी है।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने 81 लाख से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन





ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड 4,31, व 32 में 81.24 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन करते हुए कहा कि मैने आमजन से क्षेत्र के विकास का वादा किया था, अब वह पूरा होने जा रहा है उपनगर ग्वालियर में विकास कार्य बहुत ही तेजी से कराये जा रहे हैं। आम नागरिकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो यही मेरा प्रयास रहता है। उन्होंने अधिकारियों व ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्य गुणवत्तापूर्ण किया जाए। अगर कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं किया जाएगा तो आप पर कार्यवाही की जाएगी।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि वार्ड 4 चन्द्र नगर की सेन्ट थोमस स्कूल वाली गली, ग्याप्रसाद मिस्त्री एवं पण्डित जी वाली गली, मुकेश गुप्ता एवं राजू वाली गली, कुआ वाली माता वाली गली में 12 लाख 50 हजार की लागत से सीमेंट कंक्रीट रो? बनाई जा रही है। इसके अलावा भी क्षेत्र में नाला निर्माण, सीवर व पेयजल लाइन डालने के कार्य किये जा रहे हैं।

उन्होंने वार्ड 32 में 37.15 लाख रूपये की लागत से लक्ष्मी बाई कॉलोनी की सभी गलियों में डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सभी कार्य आपके आर्शीवाद से ही सम्भव हो पाया है। आपका सेवक आपकी सेवा इसी प्रकार करता रहेगा। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कॉलोनी में बने सेल्फी पॉइंट को रिनोवेट कर सुंदर बनाया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि लक्ष्मी बाई पार्क का शीघ्र ही जीर्णोद्धार किया जाएगा।

उन्होंने वार्ड 31 में 31.50 लाख रूपये की लागत से माता मंदिर के पास रेलवे कॉलोनी तानसेन रोड से कांतीनगर से होते हुए सेवानगर पार्क तक बनाई जा रही डामरीकरण रोड का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। मेरा उद्धेश्य है हर पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए केंप भी आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही मेरे कार्यालय पर भी आवेदन जमा कर सकते हैं।

उन्होने कहा कि 14 हजार परिवारों को राशन की पात्रता पर्ची, 2 हजार को वृद्ध व कल्याणी पेंशन, 10 हजार को आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। कोई भी गरीब भूखा न रहे इस उद्धेश्य से प्रदेश सरकार कार्य कर रही हैं। क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर कराये जा रहे हैं। साथ ही अधिकारियों को भी निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य गुणवत्तापूर्ण होने के साथ-साथ समय पर पूर्ण हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये।

भूमि पूजन के अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री प्रयाग तोमर, पूर्व पार्षद श्री रिंकू परमार, श्री केशव मांझी, श्री राजेन्द्र शर्मा, श्री जबर सिंह राजपूत, श्री अरूण कुलश्रेष्ट, श्री भगत सिंह कन्नोजिया, श्री रफीक खान, श्री देवीदयाल पाल, श्री बच्चन किरार, श्री नत्थू सिंह कुशवाह, श्री राजू सेंगर सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महिला दिवस की तर्ज पर ग्वालियर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस..

### महिला एवं पुरुष के बीच असंतुलन होने से पुरुष हो रहे हैं प्रभावित ,कानून में बदलाव की जरूरत :पूर्व जिला न्यायाधीश



ग्वालियर। भारत में अलग अलग दिवस मनाने का एक अलग ही महत्व है... हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस तो हम मनाते ही हैं... लेकिन ग्वालियर में आज एक ऐसा अनूठा आयोजन हुआ.. जिसके तहत अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस मनाया गया... अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस 19 नवंबर को मनाया जाता है.. इस कार्यक्रम का आयोजन ग्वालियर के माधव अंध आश्रम परिसर में किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन मानव अधिकार एवं विधिक अधिकार की ग्वालियर इकाई के द्वारा किया गया था.. जिसमें पुरुषों के अधिकारों की वकालत के साथ-साथ महिला और पुरुष के बीच जो असंतुलन हो रहा है ..उससे पुरुष प्रभावित हो रहे हैं ..इस मुद्दे को उठाया गया.. साथ ही संतुलन कायम रखने की जरूरत भी बताई गई ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश श्याम बिहारी भार्गव ने कहा कि वर्तमान मौजूदा कानून में तमाम विसंगतियां हैं। लेकिन उनमें बदलाव के लिए विधि आयोग विचार कर रहा है ।और कुछ ना कुछ सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में ÷मानवाधिकार विधिक अधिकार ÷ग्वालियर इकाई के जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस मनाए जाने के संबंध में उसके इतिहास और महत्व की जानकारी अतिथियों के समक्ष के रखी।

अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष रुप से पूर्व एडिशनल कलेक्टर पुरुषोत्तम गुप्ता, पूर्व पुलिस अधिकारी आर एस चौहान ,पीएससी एक्सपर्ट मनोज शर्मा, एसके झा, एडवोकेट दीपक गुप्ता अरूसिया ,शासकीय अधिवक्ता पीपीएस बजीता आदि मौजूद थे।

# वीरंगना लक्ष्मीबाई का बलिदान, श्रीमती इंदिरा गांधी जी की कुर्बानी सदियों तक याद रखेगा हर एक हिंन्दूस्तानी: डॉ. देवेन्द्र शर्मा

### कोरोना काल में सेवा करने वाली सहायक चिकित्सका डॉ. अंजना शर्मा का सम्मान किया



ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आज वीरंगना लक्ष्मीबाई समाधि स्थल पर एवं छत्री बाजार स्थित लेडिस पार्क में श्रीमती इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजली सभा सम्पन्न हुई, उपस्थित सभी कांग्रेसजनो ने वीरंगना की समाधी एवं इंदिरा जी की प्रतिमा पर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर कोरोना काल में मानवसेवा करने में समर्पित रही होम्योपेथिक सहायक चिकित्सका डॉ. अंजना शर्मा का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा के जन्म दिवस पर कांग्रेसजनो माला पहनाकर जन्म दिन की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन संगठन प्रभारी कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल ने किया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने वींरगना महारानी लक्ष्मीवाई को पुष्पांजली नमन करते हुए उपस्थित कांग्रेसजनो से कहा कि भारत को अंग्रेमी हुकुमत से मुक्ति दिलाने के लिये स्वाधीनता संग्राम की क्रांती का श्रीगणेष वीरंगना लक्ष्मीवाई ने किया, उन्होने अंग्रेजो को भारत से भगाने के लिये जो क्रांती की मषाल जलाई उससे पूरे भारत के स्वाधीनता आंदोलन को नई दिषा मिली, उनका बलिदान भारत के इतिहास में अजर अमर रहेगा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने उपस्थित कांग्रेसजनो को संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरागांधी ने इस देष की एकता के लिये आधुनिक, मजबूत, विकासषील भारत के निर्माण के लिये सर्वधर्म सद्भाव के लिये देष के नागरिको को दूरदृष्टि, क?ी मेहनत पक्का इरादा के साथ अनुषासन का मूलमंत्र देकर इस देष को संसार की महाशक्ती में शामिल कराया, 1971 में राजस्थान में पहला परमाणू बम का परिक्षण कराकर पूर्व विष्व को भारत की महाषक्ति का अहसास कराया, गरीबी हटाने के लिये 20 सूत्रीय कार्यक्रम लागू करके गरीब अनूसूचित जाति, जनजाति, पिछ?ावर्ग, अल्पसंख्यक वर्गो के साथ ही सभी धर्मो में आस्था रखने वाले नागरिको को रोटी कप?ा मकान के संसाधन उपलब्ध कराने के लिये एतिहासिक पहल की, विषेष रूप से 1971 में भारत पाक युद्ध के समय बग्लादेष की स्थपना करने मे उनका योगदान अजर अमर रहेगा। सहासिक तुरंत निर्णय करने की क्षमता में उनकी सोच हमेषा देष को बलषाली बनाती रही। आजादी के आंदोलन में वानर सेना के प्रमुख रहते हुए आजादी के आंदोलन में कांग्रेसनेता के संदेष जनता तक पहुचंने में उनका योगदान सदैव इतिहास में अमर रहेगा, जीवत के अंतिम समय तक भारत की एकता और अंखडता के लिये उन्होने अपने प्राणो न्यौछावर कर इस इस देष की एकता को कायम रखा, अक्टूबर 1984 को उन्होने अपने अंतिम संदेष में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मै जीवित रहू न रहू मगर जब भी मेरी जान जायेगी।

वीरंगना लक्ष्मीबाई एवं श्रीमंती इंदिरा गांधी जी को नमन करने वालो में पूर्व मंत्री बालेंदू शुक्ला, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष संगठन प्रभारी महाराज सिंह पटेल, चतुर्भुज धनोलिया, कृष्णराव दीक्षित, राघवेन्द्र शर्मा, संजय सिंह यादव, अशोक तौमर, राजू राय, आनंद शर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रूचि गुप्ता, श्रीमती वीणा भारद्वाज, सरमन राय, जेएच जाफरी, तरूण यादव, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश खान, नवीन भदकारिया, राजेश बाबू, कैलाश चावला, विष्णूकांत शर्मा, संजीव दीक्षित, चेतन भार्गव, रामनरेश परमार, हमीद खां उस्मानी, गनपत शाक्य, जसवंत वर्मा, अब्दुल रज्जाक, अकबर खां, मुनेश निगम, आंनद सिंह कुशवाह, गोरव मिंगेश, उपेन्द्र पंडित, कचंन कदम, मिली सक्सेना, निधि शर्मा, रचना कुशवाह, आकाश सिंह, रामसहाय तोमर, श्याम रोहिरा, राकेश गुप्ता, राजा राजपूत, केदार सिंह किरार, गोरव शर्मा, ओमप्रकाश शिवहरे, मनीश अवस्थी, अविनाश गुप्ता, शरीफ पेंटर, जुगल किशोर भार्गव, मोनू सोलंकी, बालकृष्ण माने आदि उपस्थित थे।

# कृषि विश्वविद्यालय का 7वाँ दीक्षांत समारोह आज

### राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल की अध्यक्षता में होगा समारोह



ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर का 7वाँ दीक्षांत समारोह 20 नवम्बर को होना सुनिश्चित हुआ है। इस कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल द्वारा उपाधियां प्रदान की जायेंगीं। श्री पटेल समारोह की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे। दीक्षांत समारोह के विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री बी.डी. शर्मा, प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह एवं कुलपति राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय प्रो. एस के राव रहेंगे। यह दीक्षांत समारोह कृषि महाविद्यालय ग्वालियर रेसकोर्स रोड के सभागार में 20 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से प्रारंभ होगा। कुलपति प्रो. एस के राव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में 8 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। इनमें स्नातक के 4, स्नातकोत्तर के 2 एवं पीएचडी के 2 विद्यार्थी शामिल हैं। इसके अलावा 6 छात्र-छात्राओं को सिरताज बहादुर सिन्हा स्मृति नगद पुरस्कार दिया जायेगा। इस दीक्षांत समारोह में एक मई 2019 से 30 अप्रैल 2021 के बीच उपाधि पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जायेंगीं।


# पड़ोसी ने कहासुनी के बाद सिर फोड़ा, घायल व्यक्ति जयारोगय में भर्ती

ग्वालियर पुरानी छावनी क्षेत्र के सिंगोरा में नाली खोदने को लेकर हुई कहासुनी के बाद पड़ोसियों ने एक व्यक्ति का सिर फो? दिया। इस हमले में घायल व्यक्ति को जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल व्यक्ति का कसूर यह है कि उसके पड़ोसी जब उसके घर की नाली को खोद रहे थे तो उसने पड़ोसियों को ऐसा करने से मना किया। इससे नाराज पड़ोसी युवकों ने पहले उस पर सरिए से हमला किया फिर उस पर पत्थर पटक दिया। पुलिस ने इस मामले में हमलावर युवकों के खिलाफ धारा 307, 294 के तहत मामला दर्ज कर लिया।

# तकनीकी एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में सीएलसी के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 22 नवंबर से प्रारंभ

ग्वालियर। तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए एआईसीटीई नई दिल्ली द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार तकनीकी एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संस्था स्तर की काउंसलिंग की समय सारणी जारी की गई है

प्रवेश के लिए विद्यार्थी इंजीनियरिंग डिप्लोमा, डिप्लोमा नॉन पीपीटी, डिप्लोमा अंबेडकर -एकलव्य योजना बेचलर आफ टेक्नोलॉजी, बी फार्मेसी, डी फार्मेसी, बीआर्क, फॉर्म डी, एकीकृत एमबीए, एकीकृत एमसीए, बैचलर इन होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, एमटेक, एम-ई पूर्णकालिक, एम फार्मेसी, एमबीए पूर्णकालिक, एमसीए, एम आर्किटेक्चर पाठ्यक्रमों के लिए 22 नवंबर से 30 नवंबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिए पंजीयन करा चुके अभ्यार्थी को इच्छुक संस्था में सुबह 10ः30 बजे से दोपहर 12 बजे तक स्वयं उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य होगा। मेरिट के अनुसार प्रवेश की कार्रवाई की जाएगी। प्रवेश निरस्त करने की सुविधा 29 नवंबर को शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहेगी ।रजिस्ट्रेशन 30 नवंबर को दोपहर 11 बजे तक किया जा सकेगा ।विभाग की वेबसाइट dte.mponline.gov.in पर प्रवेश नियम, विस्तृत समय सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका, काउंसलिंग प्रक्रिया आदि की जानकारी उपलब्ध है।




# रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह का ट्रांजिट विजिट पर ग्वालियर आगमन, जनप्रतिनिधियों ने की अगवानी



### प्रभारी मंत्री श्री सिलावट व सांसद श्री शेजवलकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने की अगवानी

**ग्वालियर।** भारत के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह का शुक्रवार को ट्रांजिट विजिट पर ग्वालियर आगमन हुआ। श्री राजनाथ सिंह दोपहर लगभग 1.20 बजे वायु मार्ग से वायुसेना एयरबेस महाराजपुरा पधारे। एयरबेस पर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने रक्षा मंत्री की अगवानी की। पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री कमल माखीजानी व ग्रामीण श्री कौशल शर्मा तथा सर्वश्री अभय चौधरी, महेन्द्र सिंह यादव व श्री दीपक शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण रक्षा मंत्री के स्वागत के लिए पहुँचे थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस उप महा निरीक्षक श्री राजेश हिंगणकर व पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी सहित वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। महाराजपुरा एयरबेस पर जनप्रतिनिधियों से भेंट करने के बाद रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह हेलीकॉप्टर द्वारा झाँसी के लिए रवाना हुए।



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478